Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 76 | बुधवार, 19 मार्च -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

### 286 दिनों तक रही स्पेस के बाद

## अंतरिक्ष से ऐसी विजयी मुस्कान के साथ लौटीं भारतवंशी सुनीता

**नई दिल्ली।**



सुनीता विलियम्स, निक हेग, बुच विल्मोर और रोस्कोस्मोस फ्लोरिडा के तल्हासी में स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान से पृथ्वी पर वापस लौटे। इसी बीच उत्साहित और खुशी के साथ सुनीता विलियम्स ने वहां उपस्थित लोगों का अभिवादन अपना हाथ हिलाकर किया। भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स 286 दिनों के बाद धरती पर वापस लौट आई हैं। अंतरिक्ष एजेंसी- नासा के वैज्ञानिकों के मुताबिक सुनीता और बैरी विल्मोर को लेकर लौट रहा यान तड़के 3.27 बजे अमेरिका के फ्लोरिडा में समुद्र तल पर उतारा। अलेक्जेंडर गोरबुनोव फ्लोरिडा के तल्हासी में स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान से पृथ्वी पर वापस लौटे। यान का सफल स्प्लैशडाउन होने के बाद, बारी-बारी से निक हेग, बुच विल्मोर, सुनीता विलियम्स और रोस्कोस्मोस के अंतरिक्ष यात्री खुशी-खुशी हाथ हिलाते और मुस्कुराते हुए वापस आए। पृथ्वी पर आने के साथ ही सुनीता विलियम्स ने अपना हाथ दिखाकर वहां उपस्थित लोगों का अभिवादन किया। सुनीता विलियम्स ने आईएसएस पर इस बार अपना सबसे लंबे समय तक रहने का रिकॉर्ड बनाया। एक बार में 286 दिन तक अंतरिक्ष में रहकर सुनीता नासा की रिकॉर्ड बुक में भी अपना नाम दर्ज करा चुकी हैं। दरअसल, अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों की बात करें तो एक दौरे में सबसे ज्यादा दिन तक आईएसएस पर रहने का रिकॉर्ड अब तक फ्रैंक रूबियो के पास है। वहीं, मार्क वांडे हेई अब तक 355 दिन आईएसएस पर बिताए हैं। इसके बाद स्कॉट केली, महिला अंतरिक्ष यात्री क्रिस्टिना कॉश और पेगी व्हिट्सन का नंबर है। इस लिहाज से एक दौरे में आईएसएस पर सबसे ज्यादा दिन बिताने वाले अंतरिक्ष यात्रियों में सुनीता विलियम्स छठे नंबर पर काबिज हो गई हैं। हालांकि, इसके लिए उन्होंने इस बार अंतरिक्ष यात्री एंड्रयू मॉर्गन का 272 दिन का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

**भारतवंशी अंतरिक्ष यात्री ने बनाए कई बड़े रिकॉर्ड्स**

नासा के स्पेसएक्स क्रू-9 मिशन के अंतरिक्ष यात्री निक हेग, बुच विल्मोर, सुनीता विलियम्स और रोस्कोस्मोस के अंतरिक्ष यात्री अलेक्जेंडर गोरबुनोव फ्लोरिडा के तल्हासी में स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान से पृथ्वी पर वापस लौटे। यान का सफल स्प्लैशडाउन होने के बाद, ये अंतरिक्ष यात्री खुशी-खुशी हाथ हिलाते और मुस्कुराते हुए वापस आए। बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स 9 महीने तक अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर फंसे रहे थे, जहां उन्होंने कई महत्वपूर्ण मिशनों में भाग लिया और वैज्ञानिक कार्य किए। उनका यह मिशन लंबा और चुनौतीपूर्ण था, लेकिन वे अब सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर लौट आए हैं।

## आज पास होगा दिल्ली नगर निगम का बजट, सदन में हंगामा होने के आसार



**दिल्ली।** इस दौरान विभिन्न मदों में राशि बढ़ाने के साथ-साथ कम भी की जा सकती हैं। आप के वरिष्ठ पार्षद एवं नेता सदन मुकेश गोयल की ओर से कई महत्वपूर्ण घोषणाएं करने की संभावना हैं। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) का बजट बुधवार को सदन में पास होगा। इस दौरान विभिन्न मदों में राशि बढ़ाने के साथ-साथ कम भी की जा सकती हैं। आप के वरिष्ठ पार्षद एवं नेता सदन मुकेश गोयल की ओर से कई महत्वपूर्ण घोषणाएं करने की संभावना हैं।

इनमें 12 हजार अस्थायी कर्मचारियों को पक्का, 100 गज या इससे छोटे मकानों पर हाउस टैक्स पूरी तरह से माफ करने, 100 से 500 गज के मकानों पर समय से टैक्स जमा करने पर 50 प्रतिशत छूट देने, 1300 रिहायशी सोसायटियों को भी 25 प्रतिशत हाउस टैक्स में छूट देने की घोषणा की जा सकती है। पिछले माह आप पार्षदों ने सदन में इन प्रस्तावों को पास किया था, लेकिन एमसीडी अधिकारियों ने इसे मानने से इंकार कर दिया था। इस संबंध में मुकेश गोयल का कहना है कि बजट में की गई घोषणाओं को लागू करना अधिकारियों की जिम्मेदारी होती है और वे इसे अमलीजामा पहनाने से इंकार नहीं कर सकते।

## मणिपुर दौरे पर जाएंगे सुप्रीम कोर्ट के छह जज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस बीआर गवई और पांच अन्य न्यायाधीशों का एक प्रतिनिधिमंडल 22 मार्च को जातीय हिंसा से प्रभावित मणिपुर में राहत शिविरों का दौरा करेगा। नालसा ने कहा कि जस्टिस गवई, जो नालसा के कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं, शीर्ष कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, विक्रम नाथ, एमएम सुंद्रेश, केवी विश्वनाथन और एन. कोटिस्वर सिंह के साथ मणिपुर हाई कोर्ट के द्विवार्षिक समारोह के अवसर पर राहत शिविरों का दौरा करेंगे।

## 400+ मौतों के बाद इस्त्राइली ढट नेतन्याहू बोले- बंधकों की आजादी के लिए अहम

**नई दिल्ली।**



कल सुबह गाजा पट्टी के लिए दर्दनाक रहा। जहां इस्त्राइल ने बड़ा हवाई हमला किया, जिसमें 400 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। वहीं 500 से ज्यादा लोगों के घायल हो गए। इस हमले को लेकर अब इस्त्राइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने भी रूख साफ कर दिया है। उन्होंने कहा कि ये भी शुरूआत है, इस्त्राइल और हमास के बीच जारी संघर्ष दुनियाभर के लिए संकट के जैसा है। जहां एक फिर मंगलवार तड़के इस्त्राइल ने गाजा पट्टी पर जोरदार हमला किया। इस्त्राइल के इस भयावह हमले ने गाजा पट्टी में एक बार फिर तबाही मचा दी। कहा जा रहा है कि युद्ध विराम लागू होने के बाद से इस्त्राइल का ये सबसे बड़ा हवाई हमला है, जिसमें 400 से ज्यादा फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई। वहीं 500 से ज्यादा लोग घायल हो गए। इसी बीच इस हमले को लेकर इस्त्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का बयान सामने आया है। उन्होंने हमास को इस्त्राइली कैदियों की रिहाई को लेकर बड़ी चेतावनी दी है। साथ ही उन्होंने कहा कि अपने बंधकों को मुक्त कराने के लिए यह तो केवल शुरूआत है। उन्होंने कहा कि पूर्व में छोड़े गए बंधकों को देखते हुए यह साबित हो गया कि बंधकों की रिहाई के लिए सैन्य दबाव जरूरी शर्त है।

### ये हमले केवल शुरूआत...

नेतन्याहू ने कहा कि गाजा पर किए गए हवाई हमले केवल शुरूआत हैं और यह बंधकों को मुक्त कराने के लिए आवश्यक शर्त हैं। उन्होंने कहा कि यह हमले तब तक जारी रहेंगे जब तक हमास द्वारा पकड़े गए बंधकों को रिहा नहीं किया जाता। इस्त्राइल के राष्ट्रीय चैनल पर प्रसारित नेतन्याहू के बयान में गाजा पर मंगलवार को भीषण हवाई हमले को उचित ठहराया।

## 26/11 आतंकी हमला केस में बरी फहीम अंसारी की दलील- ऑटो चलाना चाहते हैं



**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने मंगलवार को महाराष्ट्र सरकार को 26/11 आतंकी हमलों के मामले में बरी किए गए फहीम अंसारी की याचिका के जवाब में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। फहीम अंसारी द्वारा दायर याचिका में कहा गया कि उसे ऑटो रिक्शा चलाने के लिए पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट (पीसीसी) नहीं दिया गया, जो कि उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने मंगलवार को महाराष्ट्र सरकार को 26/11 आतंकी हमलों के मामले में बरी किए गए फहीम अंसारी की याचिका के जवाब में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। अंसारी ने कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसमें उसने अपनी आजीविका के लिए ऑटो रिक्शा चलाने के लिए 'पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट' मांगा था। मामले में अतिरिक्त सरकारी वकील मनकुंवर देशमुख ने कोर्ट को बताया कि राज्य को अंसारी द्वारा किए गए दावों की पुष्टि करनी होगी। उन्होंने इस मामले में हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा। कोर्ट ने उनकी बात मानी और मामले की सुनवाई 3 अप्रैल को तय की।

**सरकार से जवाब तलब**

### 'आप हमारे दिलों के बहुत करीब हैं...

## पीएम मोदी ने सुनीता को लिखा पत्र, भारत आने का दिया न्योता

**नई दिल्ली।**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स को पत्र लिखकर भारत आने का निमंत्रण दिया है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स को लिखे गए पत्र को साझा करते हुए ट्वीट किया। आइए इस बारे में और जानें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स को पत्र लिखकर भारत आने का निमंत्रण दिया है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स को लिखे गए पत्र को साझा करते हुए ट्वीट किया। पीएम ने पत्र में लिखा, ₹पूरी दुनिया सुनीता विलियम्स की सुरक्षित वापसी की प्रतीक्षा कर रही है। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की इस बेटी के प्रति अपनी चिंता और स्नेह व्यक्त किया है। पीएम मोदी ने पत्र में लिखा, ₹मैं आपको भारत की जनता की ओर से शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ। आज एक कार्यक्रम में मेरी मुलाकात प्रसिद्ध अंतरिक्ष यात्री माइक मैसिमिनो से हुई। बातचीत के दौरान आपका नाम आया और हमने इस पर चर्चा की कि आपके और आपके कार्यों पर हमें कितना गर्व है। इस चर्चा के बाद, मैं आपको पत्र लिखने से खुद को रोक नहीं सका।

### हरीश साल्वे ने 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' विधेयक का किया समर्थन

नई दिल्ली। विधि क्षेत्र की दो प्रमुख हस्तियों हरीश साल्वे और एपी शाह ने संसद की एक समिति के समक्ष एक राष्ट्र- एक चुनाव को लेकर अलग-अलग विचार व्यक्त किए। वरिष्ठ अधिवक्ता साल्वे ने विधेयक का समर्थन करते हुए कहा कि प्रस्तावित कानून संवैधानिक आवश्यकताओं को पूरा करता है जबकि विधि आयोग के पूर्व अध्यक्ष एपी शाह ने इसे संविधान का उल्लंघन बताया और कहा कि इस विधेयक को कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

## महाकुंभ पर जैसे ही संसद में पीएम मोदी ने शुरू किया बोलना, विपक्ष ने किया वॉकआउट, अयोध्या के सांसद ने बताई वजह



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने लोकसभा में प्रधानमंत्री मोदी के महाकुंभ पर दिए गए वक्तव्य पर कहा कि प्रधानमंत्री ने एकतरफा बयान दिया और सदन से चले गए। बेहतर होता कि महाकुंभ पर बड़ी चर्चा होती... नेताजी की सरकार में महाकुंभ हुआ, अखिलेश यादव के नेतृत्व में भी हुआ और इन सरकारों में महाकुंभ का आयोजन बहुत अच्छे और भव्य तरीके से हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रयागराज में महाकुंभ पर लोकसभा को संबोधित किया और भव्य आयोजन के लिए सभी का आभार जताया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि महाकुंभ के दौरान पूरी दुनिया ने भारत की भव्यता देखी। उन्होंने कहा कि मैं प्रयागराज में महाकुंभ की सफलता में योगदान देने वाले देश के करोड़ों लोगों को नमन करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं प्रयागराज के महाकुंभ पर बोलने के लिए यहां खड़ा हूं। मैं करोड़ों देशवासियों को बधाई देता हूं जिनकी वजह से महाकुंभ का सफल आयोजन हो सका। महाकुंभ की सफलता में कई लोगों ने योगदान दिया।

## मतदान का रिकॉर्ड रखने वाले फॉर्म को सार्वजनिक किया जाए?



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार उनसे मिलकर शिकायत पर चर्चा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अब नए मुख्य चुनाव आयुक्त हैं। याचिकाकर्ता उनसे मिल सकते हैं और इस पर चर्चा की जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग (ईसीआई) की इस दलील पर गौर किया कि वह मतदान केंद्रवार मतदाता मतदान के आंकड़ों को अपनी वेबसाइट पर अपलोड करने की मांग पर विचार-विमर्श करने को तैयार है और याचिकाकताओं से 10 दिनों के भीतर चुनाव आयोग के समक्ष अपना पक्ष रखने को कहा। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ क्रमशः टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा और एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स द्वारा 2019 में दायर दो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। जनहित याचिकाओं में चुनाव आयोग को लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मतदान समाप्त होने के 48 घंटे के भीतर मतदान केंद्रवार मतदाता मतदान डेटा अपनी वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्देश देने की मांग की गई है।

## पाकिस्तान में आतंकी हमलों के बाद जम्मू-कश्मीर में हाई अलर्ट

**जम्मू।**



सुरक्षाबलों को गश्त और तलाशी अभियान बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। राजनेताओं और सुरक्षा प्राप्त वीआईपी को सुरक्षा संबंधी सभी प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करने की सलाह दी गई है।

पाकिस्तान में हाल ही में हुए आतंकी हमलों के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा को लेकर हाईअलर्ट जारी किया गया है। सुरक्षाबलों को गश्त और तलाशी अभियान बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, राजनेताओं और सुरक्षा प्राप्त वीआईपी को सुरक्षा संबंधी सभी प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करने की सलाह दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि बलूचिस्तान में ट्रेन हाइजैक और लश्कर के शीर्ष कमांडर जिया-उर-रहमान उर्फ नदीम उर्फ अबु कताल की हत्या समेत हाल ही में हुए कई आतंकी हमलों के बाद यह सुरक्षा अलर्ट जारी किया गया है। कताल जम्मू-कश्मीर में कई आतंकी हमलों में वांछित था। वह लश्कर-ए-ताइबा के संस्थापक और 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद का सबसे भरोसेमंद हैंडलर माना जाता था। पुंछ और राजोरी में उसका ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) का एक बड़ा नेटवर्क था। एजेंसी खुफिया सूचनाओं का हवाला देते हुए अधिकारियों ने लक्षित हमलों की आशंका की ओर इशारा किया। अधिकारियों ने कहा कि सभी वीआईपी को सुरक्षा नियंत्रण कक्ष या वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को अपने दौरे के कार्यक्रम पहले से देने के लिए कहा गया है। राजनेताओं समेत सभी सुरक्षा प्राप्त व्यक्तियों को सचेत रहने और सुरक्षा संबंधी प्रोटोकॉल का पालन करने को कहा गया है।

## संपादक की कलम से

### पर्यटन के साइड इफेक्ट

छुट्टियों में चढ़ता घरेलू पर्यटन का बुखार हिमाचल की आबोहवा में रंग घोलता है, तो इसी के साथ कुछ अवांछित पहलू भी जुड़ जाते हैं। सारे यात्री पर्यटक नहीं हो सकते, इसलिए सही पर्यटन को चिन्हित करना होगा, जबकि हिमाचल में हर आने वाले की पहचान तथा उसके आचरण की निगरानी बेहद जरूरी है। प्रदेश में एक हुजूम ऐसा भी आने लगा है, जो भ्रमित है या हिमाचल में आकर पर्यटन के आंकड़े बिगाड़ रहा है। एक और पर्यटक समूह है, जो अभी आया नहीं या यहां पहुंचा नहीं, उसे बुलाने की जरूरत है। जो भीड़ आती है, उसका पर्यटन से अलग करके मुआयना करना होगा। सही को सहेजना और गलत को वापस भेजना भी पर्यटन की कला है। सही वह है जिसे हाई एंड टूरिस्ट कहते हैं। उसके लिए सुकून चाहिए। उसे संस्कृति, पर्वतीय आबोहवा, परंपराओं में बहती सादगी और पहाड़ी रिवायत में गीत–संगीत व ट्राइबल जीवन से रूबरू होना है। इस तरह असली पर्यटक तो अभी आया नहीं, क्योंकि उसके लिए रास्ते अभी बने नहीं और जो रास्ते बने, उनसे पर्यटन के नाम पर हमने अवांछित भीड़ इकट्ठी कर ली। यही भीड़ ऊना में पुलिस से उलझ जाती है, तो मणिकर्ण गुरुद्वारे के दर्शन को अफरा–तफरी में बदल देती है। आखिर यह कौनसा पर्यटन है, जो झंडा प्रदर्शन की इबारत में चुनौती दे रहा है। क्या हिमाचल इस हुड़दंग की गिनती भी पर्यटन में करता है। हम इन्हें किसी राज्य से जोडकर नहीं देख सकते, लेकिन वर्ष के सारे यात्री साधु नहीं होते या हिमाचल की पर्यटन महफिल को अशांत करने वालों से निपटने की व्यवस्था करनी चाहिए। हम अगर पर्यावरण राज्य हैं, तो एक सीमा से आगे बाहरी राज्यों के पुराने वाहनों खास तौर पर बाइकर्ज को आने की अनुमति नहीं होनी चाहिए। प्रदेश के प्रमुख पर्यटक स्थलों से दस किलोमीटर पहले ही बाहरी वाहन रोककर आगे का सफर सार्वजनिक परिवहन या रज्जु मार्गों के माध्यम से ही संभव करना होगा। हिमाचल में पर्यटन को अनुशासित, उपयोगी और शालीन बनाए रखने के लिए पुलिस की गश्त चौबीस घंटे करनी पड़ेगी। अब हमें पर्यटन पुलिस के खाके में मेहनत करते हुए देश में सबसे आगे खड़ा होना पड़ेगा। दरअसल हमने पर्यटन को फेरी बना दिया है, जहां चंद गेड़ीबाज लोग माहौल को खराब कर रहे हैं। यह भीड़ पर्यटन है जो प्रदेश के शांत माहौल में आवारगी का आलम पैदा करता है। इसी भीड़ के बीच पर्यटन की सौम्यता का कायल युवा पढ़ा–लिखा व कारपोरेट से जुड़ा सैलानी आहत होता है। गेड़ीबाज पर्यटक किसी न किसी तरह के पुराने–अनफिट वाहन पर सवार होकर आ रहा है। परिवहन के मानकों को नजरअंदाज करके कानून–व्यवस्था पर दबाव डाल रहा है। इसे पर्यटक अधोसंरचना से कोई सरोकार नहीं।



ललित शर्मा
संपादक



**उदय किशोर साह**

### ज्ञान की दो वरदान

कविता

नहीं चाहिये हमें धन। वो दौलत
नहीं चाहिये पत्थर दिल मकान
पर्णकुटी में सुकून से बीते दिन
ऐसा दो प्रभु ज्ञान की वरदान

नहीं चाहिये वैमनस्यता की फितरत
नहीं चाहिये लूट खसोट का सामान
संतोष से जी लुँ जग में जीवन भर
ऐसा दो प्रभु ज्ञान की। वरदान

नहीं चाहिये झूठी शान की हसरत
नहीं चाहिये बेईमानों से। सम्मान
नित्य मिहनत से मिल जाये। रोटी
ऐसा दो प्रभु ज्ञान की वरदान

नहीं चाहिये बदलने वाली हमें सूरत
नहीं चाहिये पापी का कोई प्रमाण
किसी के आगे ना झुके मेरी मस्तक
ऐसा दो प्रभु ज्ञान की वरदान

नहीं चाहिये हमें पापी की सोहबत
नहीं चाहिये झुठी शान व गुमान
जग वालों से मिलता रहे मोहब्बत
ऐसा दो प्रभु ज्ञान की वरदान

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# रुपये (?) के चिह्न को लेकर विवादः भाषा का सम्मान या राजनीति का हथकंडा?

***केवल वाद विवाद से हल नहीं निकलेगा। संविधान में ये कानून होना चाहिए कि कोई भी राज्य या राज्य सरकार राष्ट्रीय स्तर पर उपयोग की जाने वाली या मानी जाने वाली वस्तुओं पर अपने से निजी परिवर्तन नहीं कर सकती। ऐसा किया जाना देश द्रोह माना जाए और ज़िम्मेदार व्यक्ति को पदच्युत किया जाए। रुपये (?) के चिह्न को लेकर विवाद सिर्फ़ भाषा और सांस्कृतिक पहचान तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे एक बड़ा राजनीतिक खेल भी दिखाई देता है। क्षेत्रीय दल, विशेष रूप से द्रविड़ मुनेत्र कषगम, इस मुद्दे को उठाकर न केवल तमिल अस्मिता को मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं, बल्कि केंद्र सरकार की भाषा नीति और हिन्दी वर्चस्व के खिलाफ अपने पारंपरिक रुख को भी आगे बढ़ा रहे हैं।***



डॉ सत्यवान सौरभ


द्रविड़ मुनेत्र कषगम अपने कोर वोटबेस को यह संदेश देना चाहती है कि वह तमिल पहचान और अधिकारों की रक्षा कर रही है। द्रविड़ मुनेत्र कषगम इस विवाद के जरिए दक्षिण भारत के अन्य राज्यों (केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना) में अपनी पहचान और प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर सकती है, क्योंकि इन राज्यों में भी हिन्दी थोपे जाने का विरोध रहता है। रुपये के चिह्न में बदलाव की जरूरत नहीं है, क्योंकि यह पहले से अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त और भारत की विविधता को दशार्ने वाला है। यह मुद्दा असल में द्रविड़ मुनेत्र कषगम की केंद्र–विरोधी राजनीति और तमिलनाडु में अपनी पकड़ मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा ज्यादा लगता है। अगर हम विशुद्ध रूप से डिजाइन के दृष्टिकोण से देखें, तो ? चिह्न वास्तव में देवनागरी के ॒रॅ और रोमन ॒फॅ का मिश्रण है। यह अंग्रेजी और भारतीय पहचान दोनों को जोड़ने का प्रयास है। यह कहना सही नहीं होगा कि इसे सिर्फ़.हिन्दी के लिए बनाया गया है। कई भारतीय भाषाओं में ॒रुपयाॅ शब्द मौजूद है और ? का डिजाइन उन सभी से मेल खाता है। क्या आपको लगता है कि ? चिह्न को लेकर यह विरोध जायज है, या यह सिर्फ़.राजनीतिक रणनीति है? ? चिह्न का विवाद भाषा से अधिक राजनीतिक रणनीति का हिस्सा लगता है। भारतीय मुद्रा का यह प्रतीक किसी एक भाषा तक सीमित नहीं है, लेकिन क्षेत्रीय दलों के लिए यह केंद्र विरोधी भावनाओं को भुनाने का एक अच्छा अवसर जरूर बन गया है।

द्रविड़ मुनेत्र कषगम पहले भी हिन्दी थोपने के विरोध में और तमिल भाषा की पहचान को बचाने के लिए मुखर रही है। अब रुपये के चिह्न (?) को लेकर द्रविड़ मुनेत्र कषगम ने आपत्ति जताई है। पार्टी का कहना है कि इस चिह्न में भारतीय संस्कृति और विशेष रूप से दक्षिण भारतीय पहचान को उचित स्थान नहीं दिया गया है। भारतीय मुद्रा के चिह्न (?) को लेकर द्रविड़ मुनेत्र कषगम और कुछ अन्य क्षेत्रीय दलों की आपत्ति क्या वाकई भाषा से जुड़ा विवाद है, या फिर यह सिर्फ़.एक राजनीतिक रणनीति? इस सवाल के कई पहलू हैं। द्रविड़ मुनेत्र कषगम और कुछ अन्य दक्षिण भारतीय दलों का तर्क है कि रुपये का चिह्न देवनागरी के ॒रॅ अक्षर से प्रेरित है, जो हिन्दी को प्राथमिकता देता है और अन्य भारतीय भाषाओं की अनदेखी करता है। हालांकि, इस चिह्न को डिजाइन करने वाले उदय कुमार धरणी (ककळ गुवाहाटी) का कहना था कि इसका डिजाइन देवनागरी ॒रॅ और रोमन ॒फॅ दोनों से प्रेरित है, ताकि भारतीय और वैश्विक पहचान का मिश्रण दिखाया जा सके। द्रविड़ मुनेत्र कषगम लंबे समय से हिन्दी थोपने के खिलाफ रही है। 1965 में हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने के प्रस्ताव के खिलाफ तमिलनाडु में बड़े आंदोलन हुए थे। द्रविड़ मुनेत्र कषगम ने पहले भी ठएएळ परीक्षा, नई शिक्षा नीति और सरकारी नौकरियों में हिन्दी प्राथमिकता का विरोध किया है। अब रुपये के चिह्न को लेकर विवाद द्रविड़ मुनेत्र कषगम के उसी एजेंडे का विस्तार है। रुपये के चिह्न में हिन्दी प्रभावझ्रद्रविड़ मुनेत्र कषगम का मानना है कि ? चिह्न देवनागरी लिपि के ॒रॅ (रुपया) से प्रेरित है, जिससे हिन्दी को प्राथमिकता मिलती है, जबकि भारत की अन्य भाषाओं की उपेक्षा होती है। द्रविड़ मुनेत्र कषगम और तमिलनाडु के कुछ अन्य संगठनों का तर्क है कि रुपये का चिह्न देवनागरी लिपि के ॒रॅ से प्रेरित है, जिससे हिन्दी को प्राथमिकता मिलती है और अन्य भारतीय भाषाओं, विशेष रूप से द्रविड़ भाषाओं (तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम) को उपेक्षित किया गया है। उनका मानना है कि मुद्रा का चिह्न ऐसा होना चाहिए, जो सभी भारतीय भाषाओं का समान रूप से प्रतिनिधित्व करे। दक्षिण भारतीय राज्यों में हिन्दी थोपने के खिलाफ पहले से ही एक मजबूत भावना मौजूद है और यह विवाद उसी का विस्तार माना जा सकता है। पार्टी का तर्क है कि भारत की मुद्रा का प्रतीक चिह्न ऐसा होना चाहिए, जो सभी भाषाओं और संस्कृतियों का समान रूप से प्रतिनिधित्व करे। द्रविड़ मुनेत्र कषगम और अन्य तमिल संगठन मानते हैं कि तमिल समेत दक्षिण भारतीय भाषाओं को केंद्रीय स्तर पर वह पहचान नहीं मिलती, जिसकी वे हकदार हैं।

द्रविड़ मुनेत्र कषगम और तमिलनाडु की अन्य पार्टियाँ हिन्दी थोपने के विरोध में कई बार आंदोलन कर चुकी हैं। पार्टी लगातार इस बात की वकालत करती रही है कि केंद्र सरकार किसी एक भाषा (विशेषकर हिंदी) को बढ़ावा देने के बजाय सभी भारतीय भाषाओं को समान महत्त्व दे। द्रविड़ मुनेत्र कषगम की राजनीति तमिल पहचान और केंद्र के ॒हिंदी वर्चस्वॅ के खिलाफ विरोध के इर्द-गिर्द घूमती रही है। यह मुद्दा 1960 के दशक में हिन्दी विरोधी आंदोलनों से शुरू हुआ था और अब तक जारी है। 2010 में जब ? चिह्न को अपनाया गया, तब भी यह बहस उठी थी। द्रविड़ मुनेत्र कषगम द्वारा इस मुद्दे को फिर से उछालना एक राजनीतिक रणनीति हो सकती है, ताकि तमिल अस्मिता को लेकर अपनी स्थिति मजबूत की जा सके और केंद्र सरकार की भाषा नीतियों के खिलाफ जनता को लामबंद किया जा सके। हालांकि द्रविड़ मुनेत्र कषगम की कुछ आपत्तियाँ तर्कसंगत हो सकती हैं, लेकिन इसे पूरी तरह से भाषा का मुद्दा मानना भी सही नहीं होगा। द्रविड़ मुनेत्र कषगम केंद्र की नीतियों के खिलाफ अपनी स्थिति मजबूत करने और क्षेत्रीय राजनीति को धार देने के लिए ऐसे मुद्दों को उभारती है। यह विवाद तमिलनाडु की राजनीति में द्रविड़ मुनेत्र कषगम की पकड़ बनाए रखने और भाजपा के ॒हिंदी-हिंदूॅ एजेंडे का विरोध करने का एक तरीका भी हो सकता है। द्रविड़ मुनेत्र कषगम का यह विरोध मुख्य रूप से उसकी तमिल पहचान की राजनीति का हिस्सा है। पार्टी तमिलनाडु में क्षेत्रीय अस्मिता को मजबूत करने और केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करने के लिए ऐसे मुद्दों को उठाती रहती है। ? चिह्न किसी एक भाषा का प्रतीक नहीं है, बल्कि इसे भारतीय संस्कृति और अंतरराष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। पहले से ही यह चिह्न पूरे देश में स्वीकार किया जा चुका है, इसलिए अब इसे बदलने की कोई व्यावहारिक जरूरत नहीं है। इस मुद्दे को उछालना एक सुनियोजित राजनीतिक रणनीति ज्यादा लगती है, बजाय किसी वास्तविक समस्या के। द्रविड़ मुनेत्र कषगम और अन्य क्षेत्रीय दलों के लिए यह विवाद एक राजनीतिक अवसर है, जिससे वे तमिल पहचान और हिंदी-विरोधी भावनाओं को भुना सकते हैं। द्रविड़ मुनेत्र कषगम इस मुद्दे को उछालकर केंद्र सरकार, खासकर भाजपा (इखढ) पर हिन्दी वर्चस्व थोपने का आरोप लगा रही है। इससे दक्षिण भारत बनाम उत्तर भारत का मुद्दा उभरता है, जिससे द्रविड़ मुनेत्र कषगम को तमिलनाडु में और समर्थन मिलता है। इससे विपक्षी गठबंधन को भी भाजपा के खिलाफ एक और हथियार मिलता है। तमिलनाडु जैसे राज्यों में क्षेत्रीय पहचान और भाषा का मुद्दा चुनावों में बहुत प्रभाव डालता है। द्रविड़ मुनेत्र कषगम इसे 2024 लोकसभा चुनाव और 2026 के विधानसभा चुनावों के लिए एक बड़े मुद्दे के रूप में भुना सकती है।

## विश्व गौरैया दिवस- 20 मार्च, 2025

# गौरैया के बिना जीवन संगीत अधूरा



ललित गर्ग

गौरैया विलुप्त होने की कगार पर पंहुची विश्व की सबसे पुरानी पक्षी प्रजाति है। सुदूर अतीत से पिछले एक-दो दशक तक हमारे घर-आंगन में फुदकने वाली एवं हमारे जीवन संगीत का अहम हिस्सा गौरैया आज विलुप्ति के कगार पर है। घरों को अपनी चीं-चीं से चहकाने वाली गौरैया अब दिखाई नहीं देती। इस छोटे आकार वाले खूबसूरत एवं शांतिपूर्ण पक्षी का कभी इंसान के घरों में बसेरा हुआ करता था और बच्चे बचपन से इसे देखते हुए बड़े हुआ करते थे। ज्यादा से ज्यादा लोग गौरैया के साथ इंसानी संपर्क के महत्व को समझे एवं इस नन्हें से परिंदे को बचाने के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है। नेचर फोरेवर सोसाइटी (भारत) और इको-सिस एक्शन फाउंडेशन (फ्रांस) के मिले जुले प्रयास के कारण इस दिवस को मनाने की शुरूआत 2010 में हुई। नासिक निवासी भारतीय प्रकृति एवं संरक्षणवादी डॉ.मोहम्मद दिलावर ने घरेलू गौरैया पक्षियों की सहायता हेतु नेचर फोरेवर सोसाइटी की स्थापना की थी। इनके इस कार्य को देखते हुए टाइम ने 2008 में इन्हें हिरोज ऑफ दी एनवायरमेंट नाम दिया था। पर्यावरण के संरक्षण और इस कार्य में मदद की सराहना करने हेतु एनएफएस ने 20 मार्च 2011 में गुजरात के अहमदाबाद शहर में गौरैया पुरस्कार की शुरूआत की थी। गौरैया पक्षी प्रकृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और यह जैव विविधता और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। 2025 में विश्व गौरैया दिवस का थीम ह्यप्रकृति के नन्हे दूतों को श्रद्धांजलिह्न है।

भारत में गौरैया आम जनजीवन का हिस्सा हुआ करती थी, उनकी संख्या घटने के पीछे कई कारण हैं। बढ़ता शहरीकरण और पेड़ों की कटाई उनके घोंसले बनाने की जगहें खत्म कर रहे हैं। मोबाइल टावरों से निकलने वाले रेडिएशन उनकी प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर रहे हैं। कीटनाशकों और रसायनों के बढ़ते उपयोग के कारण उनके भोजन के स्त्रोत कम हो रहे हैं। इसके अलावा, आधुनिक घरों की वास्तुकला में ऐसी संरचनाएं नहीं होतीं जहां गौरैया अपना घोंसला बना सके, जिससे उनके अस्तित्व पर संकट बढ़ता जा रहा है। विशेषतः यह पक्षी मानवीय लोभ की भेंट तो चढ़ ही रहे हैं, जलवायु परिवर्तन के कारण भी इनकी संख्या लगातार कम हो रही है। कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए पक्षियों का शिकार एवं अवैध व्यापार जारी है। माइक्रोवेव प्रदूषण जैसे कारण इनकी घटती संख्या के लिए जिम्मेदार हैं। जन्म के शुरूआती पंद्रह दिनों में गौरैया के बच्चों का भोजन कीट-पतंग होते हैं। पर आजकल हमारे बगीचों में विदेशी पौधे ज्यादा उगाते हैं, जो कीट-पतंगों को आकर्षित नहीं कर पाते। जीवन के अनेकानेक सुख, संतोष एवं रोमांच में से एक यह भी है कि हम कुछ समय पक्षियों के साथ बिताने में लगाते रहे हैं, अब ऐसा क्यों नहीं कर पाते? क्यों हमारी सोच एवं जीवनशैली का प्रकृति-प्रेम विलुप्त हो रहा है? मनुष्य के हाथों से रचे कृत्रिम संसार की परिधि में प्रकृति, पर्यावरण, वन्यजीव-जंगल एवं पक्षियों का कलरव एवं जीवन-ऊर्जा का लगातार खत्म होते जाना जीवन से मृत्यु की ओर बढ़ने का संकेत है। विश्व गौरैया दिवस गौरैया के संरक्षण और उसके सामने आने वाली चुनौतियों के प्रति जागरूक करने के लिये मनाया जाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि पक्षियों की सुरक्षा केवल उनके अस्तित्व के लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए भी जरूरी है। जैसे-जैसे पर्यावरणीय समस्याएं बढ़ रही हैं, वैसे-वैसे गौरैया और अन्य शहरी पक्षियों की सुरक्षा और भी महत्वपूर्ण हो गई है। दिल्ली में तो गौरैया इस कदर दुर्लभ हो गई है कि ढूंढे से भी यह पक्षी देखने को नहीं मिलता, इसलिए वर्ष 2012 में दिल्ली सरकार ने इसे राज्य-पक्षी घोषित कर दिया था। गौरैया के अस्तित्व पर मंडरा रहा खतरा मानवता पर भी एक प्रश्नचिह्न भी है। गौरैया जैसे बेज़ुबान पक्षियों का बड़ी संख्या में विलुप्त होना पर्यावरण संतुलन के लिये तो बड़ा खतरा है ही लेकिन इसका असर मानव जीवन पर भी होगा। यह धरती केवल इंसानों के लिये नहीं है, बल्कि वन्य जीवों के लिये भी है, इसलिये पक्षियों का विलुप्त होना या मरना हमारे लिये चिन्ता का बड़ा कारण बनना चाहिए। मौजूदा समय में पशुओं एवं पक्षियों की संख्या का लगातार घटना एक अत्यन्त चिन्ताजनक स्थिति है। मानवीय व्यक्तित्व का एक महत्वपूर्ण घटक है संवेदनशीलता, जो व्यक्तित्व का गरिमा प्रदान करता है, उसे गहराई एवं ऊंचाई प्रदान करता है, इसके अभाव में मानव दानव बन जाता है, गौरैया जैसे पक्षियों के प्रति बरती जा रही संवेदनहीनता इसी की परिचायक है।




मनुष्य का लोभ एवं संवेदनहीनता भी त्रासदी की हद तक बढ़ी है, जो वन्यजीवों, पक्षियों, प्रकृति एवं पर्यावरण के असंतुलन एवं विनाश का बड़ा सबब बना है। दरअसल हमारे यहां बड़े जीवों के संरक्षण पर तो ध्यान दिया जाता है, पर गौरेया जैसे छोटे पक्षियों के संरक्षण पर उतना नहीं। अब भी यदि हम जैव विविधता को बचाने का सामूहिक प्रयास न करें, तो बहुत देर हो जाएगी। पक्षी विज्ञानी हेमंत सिंह के अनुसार गौरैया की आबादी में 60 से 80 फीसदी तक की कमी आई है। यदि इसके संरक्षण के उचित प्रयास नहीं किए गए तो हो सकता है कि गौरैया इतिहास का प्राणी बन जाए और भविष्य की पीढ़ियों को यह देखने को ही न मिले। ब्रिटेन की ह्यरॉयल सोसायटी ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ बर्डसह्न ने भारत से लेकर विश्व के विभिन्न हिस्सों में अनुसंधानकताओं द्वारा किए गए अध्ययनों के आधार पर गौरैया को ह्यरेड लिस्टह्न में डाला है। आंध्र विश्वविद्यालय द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक गौरैया की आबादी में करीब 60 फीसदी की कमी आई है। यह ह्रास ग्रामीण और शहरी, दोनों ही क्षेत्रों में हुआ है। पश्चिमी देशों में हुए अध्ययनों के अनुसार गौरैया की आबादी घटकर खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है।

हर परिस्थितियों में खुद को अनुकूल बना लेने वाली यह चिड़िया अब भारत ही नहीं, यूरोप के कई बड़े हिस्सों में भी काफी कम रह गई है। ब्रिटेन, इटली, फ्राँस, जर्मनी और चेक गणराज्य जैसे देशों में इनकी संख्या जहाँ तेजी से गिर रही है, तो नीदरलैंड में तो इन्हें ह्यदुर्लभ प्रजातिह्न के वर्ग में रखा गया है। कई बार लोग अपने घरों में इस पक्षी के घोंसले को बसने से पहले ही उजाड़ देते हैं। कई बार बच्चे इन्हें पकड़कर पहचान के लिए इनके पैर में धागा बांधकर इन्हें छोड़ देते हैं। इससे कई बार किसी पेड़ की टहनी या शाखाओं में अटक कर इस पक्षी की जान चली जाती है। इतना ही नहीं कई बार बच्चे गौरैया को पकड़कर इसके पंखों को रंग देते हैं, जिससे उसे उड़ने में दिक्कत होती है और उसके स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर पड़ता है। पक्षी विज्ञानियों के अनुसार गौरैया को फिर से बुलाने के लिए लोगों को अपने घरों में कुछ ऐसे स्थान उपलब्ध कराने चाहिए, जहां वे आसानी से अपने घोंसले बना सकें और उनके अंडे तथा बच्चे हमलावर पक्षियों से सुरक्षित रह सकें। गौरैया आजकल अपने अस्तित्व के लिए मनुष्यों और अपने आसपास के वातावरण से काफी जद्दोजहद कर रही है। ऐसे समय में हमें इन पक्षियों के लिए वातावरण को इनके प्रति अनुकूल बनाने में सहायता प्रदान करनी चाहिए। तभी ये हमारे बीच चह चहायेंगे। मनुष्यों को गौरैया के लिए कुछ ना कुछ तो करना ही होगा, वरना यह भी मॉरीशस के डोडो पक्षी और गिद्ध की तरह पूरी तरह से विलुप्त हो जायेंगे। घरेलू गौरैया पृथ्वी पर सबसे आम और सबसे पुरानी पक्षी प्रजातियों में से एक है। हमें पक्षियों के स्वास्थ्य के प्रति भी सजग होना चाहिए। सरकारों को भी पक्षियों के इलाज एवं जीवन-सुरक्षा के पुख्ते प्रबंध करने चाहिए। भारत की संस्कृति में पक्षियों को दाना एवं पानी डालने की व्यवस्था जीवनशैली का अंग रहा है, इन वर्षों में हमारी यह संस्कृति लुप्त हो रही है, जो गौरैया के विलुप्त होने का बड़ा कारण है।

# नाबालिग बच्ची मामले को लेकर डीएम से मिला विश्व हिंदू परिषद का प्रतिनिधिमंडल, दिया ज्ञापन

वेलकम इंडिया



उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले सादाबाद विसावर में हुई 7 वर्षीय बच्ची के साथ कुकृत्य की घटना को लेकर विश्व हिंदू परिषद का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय से मिला और आपनी मांगों का ज्ञापन सौपा। जिसमें मांग की गई अपराधी को कड़ी से कड़ी सजा मिले जिससे यह नजीर बन जाये और आगे कोई ऐसा करने की सोच भी न सके, उसके मकान को नेस्तनाबूद किया जाये ऐसे कुकृत्य करने वाले के समाज व उससे संबंध रखने वाले निकटतम साथियों पर भी निगरानी रखी जाए। पीड़ित परिवार को दस लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए। इसका मुकद्दमा फास्ट ट्रैक कोर्ट में होना चाहिए जिससे अपराधी को जल्द सजा मिल सके। अन्यथा की स्थिति में संगठन समाज को साथ लेकर आंदोलन को बाध्य होगा, जिसकी? सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

इस पर जिलाधिकारी राहुल पांडे ने प्रतिनिधिमंडल को पूर्ण रुप से अस्वस्त किया। कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी जो मांगे आपने रखी है उसको पूर्ण किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में जिला उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण शर्मा, जिला उपाध्यक्ष कैलाश कूलवाला, जिला उपाध्यक्ष दीप्ति वार्ष्णेय, जिला मंत्री प्रवीण खंडेलवाल, बजरंग दल विभाग सह संयोजक हर्षित गौड़, मनोज वार्ष्णेय, देवेश, विष्णु, छोटू, पंकज और सुमित आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आबकारी टीम ने ढाबा से बरामद किए अवैध शराब के 21 पौवे और एक को पकडा

**हाथरस।** अलीगढ़ प्रभार अवैध शराब निर्माण,बिक्री, परिवहन , भंडारण, अपमिश्रण, ओवर रेटिंग के प्रवर्तन अभियान के द्दष्टिगत आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशन तथा जिलाधिकारी हाथरस के पर्यवेक्षण तथा जिला आबकारी अधिकारी हाथरस के नेतृत्व में जनपद में आबकारी टीम एवं पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से थाना हाथरस जंक्शन क्षेत्र में विभिन्न होटल, ढाबों, रेस्टोरेंट आदि की सघन तलाशी ली गई ।

इस दौरान कैलोरा चौराहे के समीप पंकज ढाबा से 21 पौवे अवैध मदिरा की बरामदगी करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में एक अभियोग थाना हाथरस जंक्शन में पंजीकृत किया गया। कार्यवाही के दौरान क्षितिज कुमार, आबकारी निरीक्षक हाथरस सदर, अच्छे लाल मिश्र आबकारी निरीक्षक सासनी मय आबकारी एवं पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक मंगलवार परेड का किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड मे साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया ।

परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी / कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया । निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई । उन्होंने परेड के उपरान्त पुलिस लाइन्स परिसर में मेस, गणना कार्यालय, आमी बैरक आदि का निरीक्षण किया गया तथा पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया । महोदय द्वारा पुलिस लाइन के आदेश कक्ष मे सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध मे सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।

# सभी वर्ग के नागरिकों ने पेश की मिसाल रक्तदान कर जनसेवा का लिया संकल्प



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** रक्तमित्र फाउंडेशन के तत्वाधान में रोटरी ब्लड बैंक पर मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर मै सभी वर्गो व धर्मो के लोगो ने रक्तदान कर महादान करने का सौभाग्य प्राप्त किया। इस रक्तदान शिविर में डॉ अरविन्द चित्तौड़िया राष्ट्रीय महासचिव एन जे यू, डॉ सी एम मवार, कौशल बंसल भाजपा महानगर सह कोषाध्यक्ष, हेमंत कुमार शर्मा संगठन मंत्री गौ रक्षा विभाग, राष्ट्रीय लोकदल की जिलाध्यक्ष सुजाता सिंह, बंटी सिद्दीकी खेल रत्न अवॉर्ड ने रक्तदान शिविर ने शुभारंभ किया। रक्तदान शिविर में अतिथियों द्वारा रक्तदानियों को स्मृति चिन्ह एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस शिविर के आयोजक रक्तमित्र फाउंडेशन के संस्थापक रविंद्र बंसल ने कहा कि युवा वर्ग को यह समझना होगा कि किसी भी खुशी मौके पर फिजूल खर्ची करने की बजाए रक्तदान जैसे महादान कर समाजहित के कार्य करने चाहिए, जिससे अन्य लोगों का भला हो सके तथा यह सबका कर्तव्य है कि युवा वर्ग को समाज हित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदार बनने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी तीन व्यक्तियो की जान को बचाता ही है बल्कि साथ-साथ में कुछ व्यक्ति के जीवन से जुड़े अन्य परिवारजनों की आशाओं को भी जीवित रखता है, क्योंकि यह किसी भी रक्तदाता को पता नहीं होता कि उसके द्वारा दान किया गया रक्त कितने जरूरतमंद व्यक्ति को मिल रहा है। इससे ज्यादा पुण्य का कार्य नहीं हो सकता। कई बार ऐसी स्थिति देखने में आती है, जिसमें खासतौर पर गर्भवती महिलाएं शामिल होती है, जिनके अंदर रक्त की भारी कमी पाई जाती है तथा डिलीवरी के समय उन्हें रक्त की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में एक-एक रक्तदाता महत्वपूर्ण हो जाता है। इस अवसर पर अरविन्द चित्तौड़िया आगे भी समय समय पर शिविर आयोजित किये जाये. जिससे समाज के सभी साथी इस महादान मै भाग ले। इस अवसर पर मनोज दीक्षित, विवेक शर्मा, आरती, गगन गोयल महावन, दिनेश, सोनू दिवाकर, डॉ बीड़ी सिंह, नुकुल सवारियां, चंद्रमणि अग्रवाल, विकास अग्रवाल, गिरीश वार्ष्णेय, मोहित अग्रवाल, दीपक गुप्ता, मनोज कुमार, प्रवीण अग्रवाल, अरविंद कुमार, सोनू अग्रवाल, हिमांशु गुप्ता, अमित, विनीत शर्मा, रविंद्र कुमार, शशांक खंडेलवाल, रोटरी ब्लड बैंक के प्रभारी सचिन शर्मा, मुकेश, सुहानी, शालू यादव, गिरीश शर्मा आदि युवा मौजूद थे।

# सासनी पुलिस की अन्तर्राज्यीय बाइक सवार दो बदमाशों से हुई मुठभेड़ में राजकुमार उर्फ राजू को लगी गोली

वेलकम इंडिया



**सासनी।** सोमवार की देर रात्रि में पुलिस की अन्तर्राज्यीय बाइक पर सवार दो बदमाशों से मुठभेड़ हो गई, जिसमें एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया और अंधेरे का फायदा उठाकर दूसरे को भागने में सफलता मिली। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। इसके कब्जे से पुलिस ने चोरी की एक मोटर साइकिल सहित तमंचा कारतूस बरामद किए हैं और पुलिस दूसरे भागे बदमाश की तलाश कर रही है।

घायल अभियुक्त राजकुमार उर्फ राजू पुत्र कालीचरन गाँव लालगढी थाना सासनी का रहने वाला है। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद मोटरसाइकिल के संबन्ध में जानकारी की गई तो पता चला कि उक्त मोटरसाइकिल चोरी की है जिसके संबंध में थाना बदरपुर जनपद साउथ ईस्ट दिल्ली में अभियोग पंजीकृत है। पुलिस अधीक्षक चिरंजवी नाथ सिन्हा ने बताया कि थाना सासनी पुलिस को चैकिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि दो अन्तर्राज्यीय बदमाश जिनके पास अवैध असलाह है वह मोटरसाइकिल से गाँव लालगढी से तिलोठी होते हुए अलीगढ की तरफ जा रहे है, बदमाश शातिर किस्म के अपराधी है, कोई गंभीर घटना कर सकते है। उक्त सूचना पर चैकिंग के दौरान पुलिस टीम द्वारा मोटरसाइकिल पर दो बदमाश आते हुए दिखाई दिए जिनको रोकने का प्रयास किया परन्तु वह नहीं रुके और पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर करने लगे। जिसके उपरांत कार्यवाही करते हुए तिलोठी गोपालपुर से सासनी आने वाली रोड पर थाना सासनी पुलिस की बदमाशो से हुई पुलिस मुठभेड के उपरान्त आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी फायरिंग में एक अभियुक्त पैर में गोली लगने से घायल हुआ है। जबकि सह-अभियुक्त संजू अंधेरे होने की वजह से फायदा उठाकर मौके से भाग गया। जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार कांबिंग की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकडा गया बदमाश शातिर किस्म का अन्तर्राज्यीय अपराधी हैं जो पूर्व में जेल जा चुका है । जिसके विरुद्ध लगभग दो दर्जन से अधिक चोरी, लूट, डकैती, गैंगस्टर, आर्म्स एक्ट आदि के मुकदमे आदि संगीन धाराओं में जनपद हाथरस , अलीगढ, आगरा, दिल्ली अभियोग पंजीकृत है।

# बच्ची से दुष्कर्म की घटना में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने की कड़े शब्दों में निन्दा

वेलकम इंडिया

- बालिका के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना तथा परिवार के प्रति इजहार की गहरी सहानुभूति
- दोषी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही और पीड़ित के परिवार को समुचित आर्थिक सहायता प्रदान करने की रखी मांग

**हाथरस।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की जिला काउंसिल ने जनपद के विसावर गाँव में 7 साल की बच्ची से दुष्कर्म की घटना की कड़े से कड़े शब्दों में निन्दा की। बैठक में पीड़ित बालिका के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गयी तथा प्रभावित परिवार के प्रति गहरी सहानुभूति का इजहार किया गया। दोषी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही तथा पीड़ित के परिवार को समुचित आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की गयी। यहां संपन्न भाकपा की बैठक में इस बात पर गहरा आक्रोश जताया गया कि भाजपा की डबल इंजन सरकार कानून व्यवस्था के मोर्चे पर पूरी तरह से फेल है और प्रदेश में हर दिन महिलाओं और अबोध बालिकाओं के साथ बलात्कार, सामूहिक बलात्कार और बलात्कार के बाद हत्याओं की जघन्य वारदातें हो रही हैं। हाथरस जनपद तो एक से बढ़ कर एक संगीन घटनाओं का केन्द्र बन कर रह गया है। यह यहां के शांतिप्रिय नागरिकों को बेहद पीड़ा देता है। भाकपा ने सवाल खड़ा किया कि हाथरस के एक प्रतिष्ठित महाविद्यालय का एक वरिष्ठ प्रोफेसर छात्राओं के साथ अश्लीलता और उनके शोषण का आरोपी है, भाकपा ने सभी नागरिकों से शान्ति बनाए रखने की अपील भी की। भाकपा की बैठक में सांगठानिक विषयों पर भी चर्चा हुयी। इनमें प्रमुख निर्णय रहा 4 मई को जिला सम्मेलन का आयोजन करना। बैठक को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डा. गिरीश ने विशेष रूप से संबोधित किया। बैठक की अध्यक्षता का. होशियार सिंह ने की तथा संचालन का. संजय खान ने किया। बैठक को पूर्व जिला सचिव चरण सिंह बघेल, सहसचिव द्वय का. आर. डी. आर्या व सत्यपाल रावल, नगर संयोजक का. विनोद करोतिया के अतिरिक्त का. उदय सिंह गौतम, का. नाहर सिंह, का. विजय कुमार पौरुष एवं का. राजाराम कुशवाहा आदि ने भी संबोधित किया।

# यतेंद्र बने केंद्रीय सचिवालय में सहायक अनुभाग अधिकारी

वेलकम इंडिया



**मथुरा/चौमुंहा।** केंद्रीय कर्मचारी चयन आयोग की सीजीएल परीक्षा एक्स उत्तीर्ण कर यतेंद्र प्रताप सिंह पुत्र ठाकुर नेम सिंह (एडवोकेट) जैंत ने केंद्रीय सचिवालय दिल्ली में सहायक अनुभाग अधिकारी के पद पर नियुक्त होकर अपने गांव एवं जिले का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर लोगों ने उनका फूल मालाओं एवं बैंडबाजे से जोरदार स्वागत किया। ज्ञात रहे यतेंद्र प्रताप वर्तमान में नियंत्रक महालेखा परीक्षक विभाग में ऑडिटर के पद पर कार्यरत हैं।

गांव जैत,हाल निवासी मधुवन एनक्लेव यतेंद्र प्रताप सिंह ने सीजीएल की परीक्षा में यह उपलब्धि हासिल की है। यतेंद्र प्रताप ने हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा श्रीजी बाबा स्कूल मथुरा तथा बीटेक परीक्षा हिंदुस्तान कॉलेज फरह से उत्तीर्ण की है। यतेंद्र ने इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों व माता-पिता को दिया है। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए एकाग्रता की आवश्यकता होती है। सच्चे मन एवं लगन से की गई मेहनत कभी खाली नहीं जाती है। इस सफलता पर एमएलसी ठा. ओमप्रकाश सिंह, सपा के ठा. किशोर सिंह, ठा.मोहन सिंह, ठा. गुलाब सिंह, चौमुंहा चेयरमैन प्रतिनिधि कारे बाबा, ठा. श्याम बिहारी, दिनेश प्रताप सिंह, ठा.खेम सिंह, ठा.वेदपाल सिंह आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए यतेंद्र को बधाई दी है। युवक का गांव जैत में भी स्वागत किया जाएगा।

# गोवर्धन के मुखिया गार्डन में श्रीमद भागवत कथा सुनाते इंद्रेश महाराज निमोर्ही अखाड़ा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मदन मोहन दास जी

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** राधाकुण्ड परिक्रमा मार्ग स्थित मुखिया गार्डन में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। कथा व्यास के रूप में निमोर्ही अखाड़ा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मदन मोहन दास जी के द्वारा कथा का रसपान कराया जा रहा है। कथा के तीसरे दिन मंगलवार को मदन मोहन दास जी महाराज ने कहाकि भक्त और भगवान के बीच अटूट संबध है। राक्षस और विपत्तियों से दूर करने के लिए भगवान की इच्छा मात्र ही बहुत है। वे तो भक्त के भाव के भूखे हैं, इसलिए जन्म लेते हैं। उन्होंने भगवान नृसिंह का यशोगान करते हुए भक्त चरित्र पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहाकि

अधिकांश कथाएं भक्त और भगवान के प्रसंगों पर है। श्रीमद भागवत कथा अनुसरण करने से सभी पाप नष्ट होते हैं। गोवर्धन में उन्हीं लोगों को वास मिलता है, जिनका राधाकृष्ण से सीधे प्रेम है। यहां केवल प्रेम के बस पर ही बसा जा सकता है। कथा का आयोजन देश की उन्नति व विश्व के कल्याण के लिए किया जा रहा है। सतीश मुखिया ने आरती उतारकर प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन गोर गोपाल मुखिया, राम गोपाल, गोपाल प्रसाद उपाध्याय, हेमंत, केशव, मुकुंद, राहुल, मोहित, लखन आदि का सहयोग रहा।

# प्राथमिक विद्यालय इंचार्ज पर शिक्षामित्र से मारपीट का आरोप

वेलकम इंडिया

**जहांगीराबाद।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रौंडा स्थित प्राथमिक विद्यालय की इंचार्ज पर महिला शिक्षामित्र ने मारपीट का आरोप लगाया है। घटना सोमवार दोपहर उस समय की जब मिड डे मील वितरण में अनियमितता की जांच करने खण्ड शिक्षा अधिकारी विद्यालय पहुंचे थे। पीड़ित शिक्षामित्र ने स्थानीय पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। वही विद्यालय की इंचार्ज ने शिक्षामित्र पर मारपीट करने का आरोप लगाया है।

जानकारी के मुताबिक सोमवार को रौंडा प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षामित्र पुष्पा शर्मा ने तहरीर में बताया है कि सोमवार को मिड डे मील धांधली की जांच करने बीईओ ओमप्रकाश यादव विद्यालय पहुंचे थे जिससे बौखला कर विद्यालय की इंचार्ज ने खुद को कमरे में बंद कर आत्महत्या की धमकी दी। जिसके बाद जांचधिकारी विद्यालय से चले गए। आरोप है कि इंचार्ज ने महिला शिक्षामित्र पर उसकी शिकायत करने का आरोप लगाते हुए हाथापाई शुरू कर दी। वहीं इस मामले में विद्यालय की इंचार्ज ने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए शिक्षामित्र पर ही उसके बाल खींचने और थप्पड़ मारने का आरोप लगाया है। इंचार्ज ने बताया कि शिक्षामित्र उनसे काफी समय से रंजिश मानती है। इसीलिए वह यह सब षड्यंत्र कर रही हैं। वहीं इस पूरे मामले की जानकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को हुई तो उन्होंने इंचार्ज और शिक्षामित्र को अपने कार्यालय तलब कर लिया है।

> मामला संज्ञान में है, तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच में तथ्य सामने आएंगे उसी के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।
> **–महेंद्र त्रिपाठी, कोतवाली प्रभारी जहाँगीराबाद।**

# होटल ग्रीन फैमली रेस्टोरेंट का हुआ भब्य शुभारंभ

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** विधानसभा खलीलाबाद क्षेत्र के नेदूला चौराहे पर स्थित होटल ग्रीन फैमिली रेस्टोरेंट का आज भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अथित के रूप में पहुंचे खलीलाबाद सदर से पूर्व भाजपा के दिग्गज नेता दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे ने अपनी टीम के साथ फीता काटते हुए रेस्टोरेंट का भव्य शुभारंभ किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप पहुंचे पूर्व विधायक जय चौबे और उनकी टीम का रेस्टोरेंट संचालक ने जोरदार स्वागत किया। उद्घाटन समारोह के दौरान पूर्व विधायक जय चौबे ने संचालक को बधाई दी। आपको बता दे की खलीलाबाद विधानसभा क्षेत्र के नगर पालिका क्षेत्र खलीलाबाद स्थित नेदूला चौराहे पर आज होटल ग्रीन फैमिली रेस्टोरेंट के ब्रांच का भव्य शुभारंभ हुआ। होटल ग्रीन रेस्टोरेंट में जहां लजिस व्यंजनों के शौकीन लोगों के लिए वेज नॉनवेज की सुविधा उपलब्ध रहेंगे वहीं रेस्टोरेंट में ठहरने के लिए भी लग्जरी कमरे की व्यवस्था की गई है। खलीलाबाद सदर से पूर्व विधायक जय चौबे ने होटल ग्रीन रेस्टोरेंट का फीता काटते हुए उद्घाटन किया इस दौरान रेस्टोरेंट संचालक ने फूलमाला और गुलदस्ता भेंट करते हुए पूर्व विधायक जय चौबे का जोरदार स्वागत किया। उद्घाटन समारोह के दौरान पूर्व विधायक जय चौबे ने कहा कि हाईवे पर स्थित है फैमिली रेस्टोरेंट यात्रियों के लिए कारगर साबित होगा जहां लोग अपने फैमिली के साथ इस रेस्टोरेंट में लजीज व्यंजनों का स्वाद चख सकेंगे वही परिवार के लिए भी लग्जरी कमरों की व्यवस्था रेस्टोरेंट संचालक उपलब्ध है इस बेहतर कार्य के लिए जय चौबे ने रेस्टोरेंट संचालक को बधाई दी। इस दौरान रेस्टोरेंट संचालक चंद्रकेतु सिंह, अवनीश चौबे, गुड्डू बाबा, धीरज पांडे, केसी पाण्डेय, अंकित पाल, आलोक उपाध्याय, मृत्युंजय राय, अजय पांडे, मयंक सिंह, दीपू पांडे, अजय तिवारी, मनीष यादव, अविनाश गौड़, अंकित गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# प्रशासन ने टाण्डा में सिंचाई विभाग की भूमि कराई कब्जामुक्त

वेलकम इंडिया

**टाण्डा जिला रामपुर।** प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए मंगलवार को सिंचाई विभाग की भूमि को कब्जामुक्त कराया। उपजिलाधिकारी कुमार गौरव, क्षेत्राधिकारी कीर्तिनिधि आनंद, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग नवीन कुमार सिंह और अधिशासी अधिकारी पुनीत कुमार की निगरानी में पुलिस बल की मौजूदगी में उक्त कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रोहित सैनी ने गाटा संख्या 223 व 351 पर अवैध अतिक्रमण की शिकायत जिलाधिकारी से की थी, जिसके बाद डीएम के निर्देश पर सिंचाई विभाग ने कार्रवाई शुरू की। नगर के मुख्य मार्ग स्थित गाटा संख्या 351 पर बनी 13 पक्की दुकानें, 3 टीन शेड की दुकानें और 5 खोखे जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिए गए। हालांकि, अतिक्रमणकारियों ने इसे गाटा संख्या 352 के तहत अपनी भूमि बताते हुए प्रशासन को दस्तावेज दिखाए, जिससे दुकानदारों और अधिकारियों के बीच मामूली नोकझोंक भी हुई। लेकिन प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह भूमि गाटा संख्या 351 के अंतर्गत सिंचाई विभाग की है, जिसके बाद कार्रवाई निर्विघ्न पूरी हुई। इसके बाद प्रशासन की टीम ने झंडा चौक मार्ग स्थित हिंदुस्तान राइस मिल के पास पहुंचकर गाटा संख्या 223 रकबा 0.133 हेक्टेयर भूमि को भी अतिक्रमणमुक्त कराया, जिसका आंशिक भाग राइस मिल के फड़ में शामिल था। कब्जामुक्त कराई गई जमीनों पर सिंचाई विभाग ने सरकारी भूमि का बोर्ड लगवा दिया, और बुधवार को तारों से बैरिकेडिंग कराई जाएगी। इससे पहले, प्रशासन ने सोमवार को मुनादी कराकर अतिक्रमणकारियों को स्वंय कब्जा हटाने की चेतावनी दी थी।नियमानुसार नोटिस भी जारी किये गए थे। कार्रवाई के दौरान प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल पूरी सतर्कता के साथ तैनात रहा, जिससे कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। इस दौरान सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता अजीत सिंह, नायब तहसीलदार अमित कुमार, हल्का लेखपाल नवीन कुमार काम्बोज सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



# एरच मडपुरा रोड पर असंतुलित होकर पलटी ट्राली दो लोग घायल

वेलकम इंडिया



**झांसी गुरसरांय।** खबर सोमवार रात लगभग 9:00 बजे की गुरसरांय थाना क्षेत्र के गुरसराय एरच मार्ग पर ग्राम मड़पुरा के समीप की है जहां असंतुलित होकर ट्राली पलट गई जिसकी चपेट में आने से दो सवारियां घायल हो गई जिन्हें एंबुलेंस की मदद से गुरसराय अस्पताल में भर्ती कराया जहां से हालत नाजुक होने पर झांसी रेफर कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरसराय से आलमपुरा बिल्डिंग मटेरियल का सामान लेकर जा रहे ट्रैक्टर की ट्राली असंतुलित होकर ग्राम मड़पुरा के समीप पलट गयी। जिसकी चपेट में आने से शैलेंद्र पुत्र कालीचरन उम्र 19 वर्ष निवासी आलमपुरा व करन वंशकार पुत्र बारेलाल वंशकार निवासी हीरानगर उम्र लगभग 50 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष गुरसराय वेद प्रकाश पांडेय द्वारा घायलों को एंबुलेंस की मदद से प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरसराय में भर्ती कराया वहीं चिकित्सक द्वारा घायलों का प्रार्थमिक उपचार किया एवं करन की हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया।

# ब्लॉक भगतपुर-टांडा में शिक्षक संकुल बैठकों का सफल आयोजन

वेलकम इंडिया,टाण्डा।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा के निदेशानुसार मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस के मार्गदर्शन में ब्लॉक भगतपुर-टांडा की समस्त न्याय पंचायतों में शिक्षक संकुल बैठकों का सफल आयोजन हुआ। इन बैठकों में छात्र-छात्राओं की नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आधुनिक शिक्षण तकनीकों के उपयोग पर व्यापक चर्चा की गई।

विभागीय एजेंडे के अनुसार, रानीनांगल, पीपलसाना, महेशपुर खेम, कांकरखेड़ा, भगतपुर-टांडा और भवानीपुर न्याय पंचायतों में बैठकें आयोजित की गईं। रानीनांगल न्याय पंचायत की मासिक बैठक उच्च प्राथमिक विद्यालय चक भीमराव में संपन्न हुई, जहां बच्चों के शैक्षिक स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रिंटरिच सामग्री किट्स, खेल आधारित शिक्षण, दीक्षा एप तथा यूट्यूब पर उपलब्ध प्रशिक्षण वीडियो के प्रयोग पर जोर दिया गया। साथ ही, आगामी शैक्षिक सत्र में नामांकन वृद्धि के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया गया। बैठक में न्याय पंचायत प्रभारी एवं वरिष्ठ शिक्षक संकुल मोहम्मद आकिल चौधरी, शिक्षक संकुल मोहम्मद रिजवान, मोहसिन अख्तर और सुभाष सागर ने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे नवीन तकनीकों का उपयोग करते हुए समर्पण भाव से शिक्षण कार्य करें, जिससे बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके। इस अवसर पर शिक्षा मित्र संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अशरफ अली पाशा, मोहम्मद लईक सैफी, अर्चना भटनागर, विजय लक्ष्मी चाहर, शालिनी रस्तोगी, विश्वेशरी, शाजिया अहसन, कावेरी भटनागर, प्रियंक त्यागी, मोहम्मद अली, अब्दुल मालिक, फहीम अहमद, सुषमा, योगेंद्रपाल सिंह, शबनम मेराज, आकांक्षा देवी, ऋतु रस्तोगी, मलखान सिंह और प्रेम सिंह सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।



# पीड़िता को न्याय नहीं मिला तो करेंगे प्रदर्शन पूर्व लोकसभा प्रत्याशी



वेलकम इंडिया

**झांसी** ।नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने वाले आरोपी पर पुलिस ने शिकंजा नहीं कसा और उल्टा पीड़िता के परिजनों को धमकाया गया और कुंभ में जाने के उल्टे बयान कराए लेकिन आरोपी ने नाबालिग लड़की को 8 दिनों तक बरूआसागर में बंधक बनाकर शोषण किया गया जिसके बाद भी पुलिस से सांठ गांठ कर मामला दबाने का प्रयास किया जा रहा है पीड़िता को न्याय नहीं मिलने से कुशवाहा समाज में आक्रोश बना हुआ है मामले की जानकारी होने पर पूर्व लोकसभा प्रत्याशी झांसी ललितपुर एड शिवशरण कुशवाहा जन अधिकार पार्टी के कार्यकताओं के साथ पीड़िता के परिजनों से मिलकर न्याय दिलाने का पूरा भरोसा दिलाया और अगर न्याय नहीं मिला तो पूरे उत्तर प्रदेश में जन अधिकार पार्टी के नेतृत्व में प्रदर्शन कर न्याय दिलाने का काम करेंगे उन्होंने कहा कि इस सरकार में गरीब कमजोर लोगों पर अत्याचार किया जाता है उनकी कोई सुनवाई नहीं होती है।इस अवसर पर जन अधिकार पार्टी के बुंदेलखंड प्रभारी एवं पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक लिमिटेड झांसी कालीचरण कुशवाहा, जिला प्रभारी मनोज कुशवाहा, इंजी राजेंद्र कुशवाहा,राघवेन्द्र कुशवाहा रामपाल कुशवाहा,रामसिंह कुशवाहा महेंद्र कुशवाहा,राजेश कुशवाहा, अनिल कुशवाहा,नरेन्द्र कुशवाहा सहित आदि मौजूद रहे।

# आशा बहुओं ने पीएचसी पर तैनात कर्मी की कार्यशैली पर खड़ा किये सवाल लगाए कई तरह के गंभीर आरोप



वेलकम इंडिया

**सिद्धार्थनगर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नौगढ़ क्षेत्र में तैनात आशा बहुओं ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। पीएचसी पर तैनात एक कर्मी की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करते हुए उन पर कई तरह के गंभीर आरोप लगाए। प्रदर्शन के बाद आशा बहुओं ने डीएम को ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की। आशा संघा नौगढ़ की अध्यक्ष संगीता यादव की अगुवाई एकजुट हुई आशा बहुओं ने कहा कि पिछले वर्ष मार्च व अप्रैल के बाउचर का पैसा कट कर आया था और उसका भुगतान आज तक नहीं हुआ। इसके अलावा जेएसवाई, नसबंदी, कुष्ट रोग, आशा ड्रेस, टीबीआई आदि का भुगतान पांच माह से लंबित है। ऐसे दशा में आशा बहुओं के लिए कार्य करना बेहद मुश्किल साबित हो रहा है। आरोप लगाया कि भुगतान संबंधी बात करने पर पीएचसी पर तैनात उक्त कर्मी, सीधे मुंह बात नहीं करते हैं और कार्यालय से बाहर जाने के लिए कहते हैं।

# बागेश्वर पुलिस ने साढ़े तीन लाख लागत के खोए हुए22 मोबाइल वास्तविक मालिकों को लौटाए



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** मित्र पुलिस बागेश्वर ने जिले में विभिन्न क्षेत्रों में लोगों के खोए हुए विभिन्न22 मोबाइल को बरामद करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक चन्द्र शेखर घोड़के ने अपने कार्यालय में चोरी हुए महंगे मोबाइल को सायबर टीम के सहयोग से पुलिस उपाधीक्षक अजय लाल साह के पर्यवेक्षण में एसओजी टीम और साइबर सेल की टीम के अथक प्रयासों से खोए हुए 22 मोबाइल फोन को बरामद कर उन्हें वास्तविक मोबाइल स्वामी के सुपुर्द किया।इस दौरान खोए हुए मोबाइल मिलने पर लोगों ने पुलिस अधीक्षक और मित्र पुलिस की टीम का आभार जताया।एसपी घोड़के ने बताया कि बरामद किए गए मोबाइल की वर्तमान में सेकेंड हैंड की बाजार कीमत लगभग साढ़े तीन लाख रुपए है।

# बुगरासी दौलतपुर रोड के चौड़ीकरण को लेकर हनुमान मंदिर पर विधायक का घेराव कर जमकर हंगामा काटा

वेलकम इंडिया



**बुगरासी।** मंगलवार को दोपहर बाद बरहाना वासियों ने गांव से गुजर रही सडक के चौड़ीकरण को लेकर जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों का कहना है कि जब से बीजेपी की सरकार बनी है आपको ही वोट दे रहे हैं अगर सडक का चौड़ीकरण ना हुआ तो इस बार वोट किसको दें सोचना पड़ेगा। विधायक देवेन्द्र लोधी ने ग्रामीणों को बताया कि मैंने इस सडक के चौड़ीकरण का प्रस्ताव भेज रखा है। लेकिन ग्रामीण सडक चौड़ीकरण से पहले कुछ भी मानने को तैयार नहीं हैं।फिल्हाल ग्रामीणों ने सडक पर लेपन कार्य नहीं होने देने की जिद पकड रखीं हैं। विधायक के साथ आये सहयोगियों ने भी ग्रामीणों से वार्ता की लेकिन सडक चौड़ी करण से पहले कुछ भी नहीं।कुछ ग्रामीणों ने तो यहां तक भी कह दिया कि अगर शीघ्र सडक का चौड़ीकरण शुरू ना कराया गया तो आने वाले चुनाव में वोट किसको दें सोचना पड़ेगा।कई घंटे की तूं तूं मैं मैं के बाद विधायक ने आश्वासन तो दे दिया लेकिन देखना ये है कि ऊंट किस करवट बैठेगा। क्योंकि अगर समस्या जस की तस रहती है तो ग्रामीण किसी भी कीमत पर विधायक के पक्ष मे वोटिंग नहीं करेंगे।इस मौके पर ईश्वर त्यागी अमित शर्मा विकास शर्मा दीपक त्यागी शोले त्यागी शिवा त्यागी ज्ञान चंद त्यागी कपिल त्यागी देवेन्द्र त्यागी दुष्यंत त्यागी डब्बू त्यागी नीरज कुमार प्रेम चंद अजीत सिंह जागेश कुमार भूषण त्यागी डेविड त्यागी महिपाल चौहान वाई के त्यागी सुखवीर सिंह कृष्ण दत्त त्यागी विनोद त्यागी राकेश गिरि सजय गिरि सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# दबंग हिस्ट्रीशीटर के साथ दरोगा की रील वायरल!

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर।** वायरल वीडियो में दरोगा हिस्ट्रीशिटर भाइयों की कमर में हाथ डालकर सहजता के साथ वीडियो रील बनवाता दिख रहा है। सोमवार को दो दलित हिस्ट्रीशीटर भाई पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हुए तो एक दरोगा के साथ हिस्ट्रीशीटर आकाश और विकास की रील सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। वायरल वीडियो में दरोगा हिस्ट्रीशिटर भाइयों की कमर में हाथ डालकर सहजता के साथ वीडियो रील बनवाता दिख रहा है। बड़ा सवाल ये है कि हिस्ट्रीशीटरों और दरोगा का ये रिश्ता क्या कहलाता है ? विदित हो कि यूपी०पुलिस प्रमुख प्रशांत कुमार ने दो टूक कहा था कि पुलिसकर्मियों और हिस्ट्रीशीटरों के बीच रिश्ते बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। हालांकि वीडियो में दिख रहे दरोगा का बुलंदशहर पुलिस पता लगाने में जुटी हुई है। वहीं पुलिस कप्तान श्लोक कुमार ने मामले को गंभीरता से लिया है और वायरल वीडियो को जांच खुर्जा के सीओ बीपीएस चौहान को सौंपी है।

# वैश्य फेडरेशन के होली मिलन में सद्भावना के रंग

वेलकम इंडिया

**लखनऊ।** वैश्य समाज के एकीकृत संगठन इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन की लखनऊ महानगर इकाई द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में जुटे समाज के प्रतिनिधियों ने एक दूसरे को गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। सोमवार को डालीगंज के उमराव सिंह धर्मशाला में संगठन के संस्थापक रामदास अग्रवाल की जयंती वैश्य दिवस के रूप में मनाई गई और इस अवसर पर 40 से अधिक विभूतियों को उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री कपिल देव अग्रवाल, इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन यूपी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक डा. नीरज बोरा ने कुलदेवी महालक्ष्मी एवं रामदास अग्रवाल के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से किया। संयोजक एवं वैश्य फेडरेशन के महानगर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने सभी आगन्तुकों का स्वागत किया। संचालन महानगर महामंत्री मनीष गुप्ता ने किया। गायिका शीलू व साथी कलाकारों ने होली पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्य सरकार के मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने कहा कि होली का अवसर समाज को एकजुट करने, भेदभाव मिटाकर सबको गले लगाने का विशिष्ट त्योहार है। विधायक डा. नीरज बोरा ने संगठन के संस्थापक अध्यक्ष रहे रामदास अग्रवाल को समाज का पुरोधा बताते हुए विभिन्न उपवर्गों में बंटे वैश्य समाज को एकजुट करने में उनके योगदान का उल्लेख किया। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री डा. अजय गुप्ता, आशीष अग्रवाल, भारतभूषण गुप्ता, वरिष्ठ समाजसेवी डा. धनंजय गुप्ता, युवा इकाई के प्रदेश अध्यक्ष विशाल जायसवाल, महामंत्री आशीष कुमार गुप्त, महिला इकाई की महानगर अध्यक्ष सुनीता गुप्ता, कार्यालय मंत्री अल्पना गुप्ता, पूर्व पार्षद रुपाली गुप्ता, कंचन गुप्ता, अजीत अग्रवाल, मीडिया प्रभारी हिमांशु गर्ग, वरिष्ठ साहित्यकार राजा भइया गुप्ता, पत्रकार राजेन्द्र जायसवाल, पार्षद गीता देवी, कैण्ट पार्षद संजय दयाल आदि की प्रमुख उपस्थिति रही। इस अवसर पर वैश्य समाज के सभी घटकों के वरिष्ठ जनों को समाजसेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मनित किया गया। सम्मानित होने वालों में अग्रवाल समाज से गोविंद कृष्णा अग्रवाल (पप्पू), अमरनाथ अग्रवाल, साहू समाज से महेश प्रसाद साहू, कसौधन समाज से नीरज गुप्ता, के.पी. गुप्ता, यज्ञसेनी समाज से डा. अनिल गुप्ता, भुर्जी समाज से भोलानाथ गुप्ता,दोसर समाज से सुनील गुप्ता, श्याममूर्ति गुप्ता, बाथम समाज से हरशरन लाल गुप्ता, अग्रहरि समाज से शिवशंकर अग्रहरि, जायसवाल समाज से कर्नल एम.सी.जायसवाल, अयोध्यावासी समाज से रवि गुप्ता, स्वर्णकार समाज से रमेश चन्द्र वर्मा, के.के.वर्मा, कमलापुरी समाज से डा. शिवाजी गुप्ता, वार्ष्णेय समाज से अरविन्द वार्ष्णेय, माथुर समाज से मुन्नालाल माथुर, ओमर समाज से मदालसा गुप्ता, केसरवानी समाज से पुष्कर केसरवानी, विश्नोई समाज से डा. रश्मि विश्नोई, चौरसिया समाज से दिनेश चौरसिया, पटवा समाज से अमित कुमार पटवा, जैन समाज से सीए वी.सी.जैन, माहेश्वरी समाज से हरिकृष्ण माहेश्वरी, विनोद माहेश्वरी, रौनियार समाज से के.सी.गुप्ता, हरिद्वारी समाज से दिवाकर गुप्त, चतुःश्रेणी समाज से कमलेश गुप्ता, गुलहरे समाज से धर्मेन्द्र गुलहरे, कान्दू समाज से दीनदयाल गुप्ता आदि प्रमुख रहे।



# नहीं बदले जा सके झूलते हाई वोल्टेज तार

**वेलकम इंडिया**

**बाजार शुक्ल अमेठी।** विभिन्न इलाकों में खेतों में खड़ी गेहूं की फसल अधपकी हो चुकी है। अप्रैल माह से लगभग कटाई शुरू हो जाएगी है। लेकिन खेतों से होकर गुजरे जर्जर विद्युत तार ढीले होकर लटक रहे हैं। तेज हवा रूख रफ्तार बनाते देखी जा रही है। इससे किसानों की मेहनत कमाई की फसल के जलने का खतरा मंडराता देखा जा रहा है। किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें देखी जा रही हैं। शिकायत के बाद भी विभाग की तरफ से जर्जर तार को न तो टाइट नहीं किया जा रहा है और न ही बदला जा सका है। इससे लोग दहशत में जी रहे हैं। विकासखंड अंतर्गत तीन विद्युत उपकेंद्रों से संबद्ध 54 ग्राम पंचायतें हैं। गांवों में दशकों पूर्व विद्युतीकरण कराया गया है। रख रखाव के अभाव में अधिकांश ग्रामीण इलाकों में विद्युत तार जर्जर हो चले हैं। खेतों से गुजरे तार नीचे तक लटक गए हैं। तेज हवा बहने पर स्पार्किंग होने पर चिंगारी निकलने की चिंता सताने लगी है। विभाग की तरफ से जर्जर विद्युत तारों को बदला नहीं जा सका जिसका खामियाजा प्रतिवर्ष किसानों को ही भुगतना पड़ता है। उक्त संबंध में स्थानीय किसानों से बात साझा की गई बताया कड़ी मेहनत मशक्कत और गाढ़ी कमाई के पैसों से उगाई हुई फसलें चंद मिनटों के भीतर जलकर राख हो जाती हैं।विगत वर्ष क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में आग लगने की दर्जनो से भी अधिक घटना हुई थीं, जिनमें अधिकांश बिजली के तार टूटने और स्पार्किंग होने से निकलने वाली चिंगारी से जुड़ी हुई थीं। वानगी के तौर पर भिटवा बागमीरा के समीप आग लगने की घटनाओं में लगभग 40 बीघा से भी अधिक गेहूं की फसल जलकर राख हो गई थी। उक्त संबंध में एसडीओ उपकेंद्र महोना दूरभाष संपर्क करने की कोशिश की गई संपर्क नहीं हो सका। क्षेत्र के किसानों ने शासन प्रशासन से झूलते तारों की व्यवस्था सही कराने की मांग की है ताकि फसल सुरक्षित हो सके।



# सोराग पुल निर्माण में देरी पर डीएम खफा




**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर,**जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कपकोट के सोराग में निर्धारित समयसीमा समाप्त होने के बावजूद पुल का निर्माण कार्य पूरा न होने पर वाप्कोस के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि पुल का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा नहीं किया गया तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने मंगलवार को जिला कार्यालय में कपकोट के दूरस्थ क्षेत्र सोराग गांव को यातायात से जोड़ने के लिए पिंडर नदी पर बनाई जा रही निमार्णाधीन पुल की संबंधित अधिकारियों के साथ प्रगति समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने पाया कि निर्माण कार्य अभी भी अधूरा है, जबकि इसकी समयसीमा पहले ही समाप्त हो चुकी है। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए वाप्कोस के अधिकारियों को जमकर फटकारा।

उन्होंने कहा कि पुल का निर्माण कार्य में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह पुल क्षेत्र के लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके बनने से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्राथमिकता के आधार पर शेष कार्य को पूरा करें और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि पुल के निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

यदि जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा नहीं होता है, तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि सोराग गांव को यातायात से जोड़ने के लिए पिंडर नदी में पुल का निर्माण कराया जा रहा है।

# मूल्यांकन कर रहे परिक्षकों की सुविधाओं का ध्यान रखा जाय -संजय द्विवेदी



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** मंगलवार को प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मण्डल जिला विद्यालय हरिशचंद्र नाथ से मिला। मुलाकात के दौरान प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी व जिलाध्यक्ष महेश राम ने दस सूत्रीय ज्ञापन प्रेषित किया है और विन्दुवार वार्ता की।

प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि विगत कई महीनों से एनपीएस अपडेट नहीं है। एनपीएस खातों को अपडेट किया जाय। पुरानी पेंशन से आच्छादित शिक्षकों के एनपीएस खातें को 31 मार्च के पूर्व अपडेट किया जाय। पुरानी पेंशन से आच्छादित शिक्षकों का जीपीएफ खाता जारी करते हुए उक्त खाते में एनपीएस की धनराशि अन्तरित किया जाय। जिले में लम्बित प्रकरणों का यथा राष्ट्रीय इण्टर कालेज पारसनगर, बेलहर व पीबी० गर्ल्स इण्टर कालेज खलीलाबाद की समस्याओं का निस्तारण अविलम्ब किया जाय। नेताद्वय ने कहा कि बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन 2025 में कार्य कर रहे परीक्षकों की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित की जाय। 31 मार्च 2025 तक सेवा निवृत्त प्रधानाचार्यो / शिक्षकों की पत्रावली उप शिक्षा निदेशक बस्ती मण्डल बस्ती कार्यालय को अविलम्ब प्रेषित की जाय। जिले के सभी विद्यालयों की वरिष्ठता सूची दिनांक 31 मार्च 2025 तक जारी की जाय। प्रकरण में संगठन द्वारा कई बार पत्र व्यवहार किया गया परन्तु अद्यतन उक्त प्रकरण पर कार्यवाही नहीं की जा रही है।जिले भर के शिक्षकों के किसी भी प्रकार के पावती का अविलम्ब भुगतान इसी माह में किया जाय। नोशनल पेंशन इन्क्रीमेन्ट अवशेष बचे फाइलों को अविलम्ब उप शिक्षा निदेशक बस्ती मण्डल बस्ती को प्रेषित की जाय। इस दौरान जिलाध्यक्ष महेश राम जिला मंत्री गिरिजानन्द यादव, शिवजीत कुशवाहा, अवधेश तिवारी,मोहिबुल्लाह खान, शैलेन्द्र कुमार, जितेंद्र कुमार सहित अनेक लोग मौजूद रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चंद्र नाथ ने कहा कि माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा प्रेषित सभी समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा।

पेंशन, जीपीएफ, चयन वेतन मान, प्रोन्नत वेतनमान, पदोन्नति प्रकरणों का परीक्षण कर निस्तारण कर दिया जाएगा। ट्रांसफर की जो भी पत्रावली प्राप्त हो रही है उसकी एनओसी तुरंत दे दी जाएगी।

# रोहित गुर्जर की हत्या पर अखिल भारतीय गुर्जर महासभा ने जताया गहरा दुख

**वेलकम इंडिया**



**बिजनौर :** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व प्रचार मंत्री डॉ० मनोज कटारिया एवं दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विनोद चौधरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल रोहित गुर्जर के परिवार से मिला और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन देते हुए रोहित गुर्जर के हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने, पीड़ित परिवार को 10 करोड़ रुपए एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिलाने की मांग दिल्ली सरकार से की।

मालूम हो कि पिछले दिनों दिल्ली के गाजीपुर गांव में नेशनल हाई-वे पर रोहित गुर्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड के सम्बन्ध में अखिल भारतीय गुर्जर महासभा का एक प्रतिनिधि मंडल पीड़ित परिजनों से मिला और संगठन की ओर से गहरा दुख जताते हुए शोक संवेदनाएँ व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल में अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व प्रचार मंत्री डॉ० मनोज कटारिया, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विनोद चौधरी, सतीश प्रधान, चौ० रामवीर सिंह, विरेन्द्र सिंह प्रधान, यशपाल चौधरी एवं विकल सिंह आदि शामिल रहे। साथ ही अखिल भारतीय गुर्जर महासभा ने 23 मार्च दिन रविवार को रोहित गुर्जर हत्याकांड को लेकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए होने वाली महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली के गाजीपुर पहुँचने की अपील की है।

# श्रीजी सेवा संस्थान संगठन ने गरीब परिवार की पुत्री की शादी में वाशिंग मशीन दी




**वेलकम इंडिया**

**चांदपुर :** श्रीजी सेवा संस्थान द्वारा जरूरतमंद परिवार के पुत्री की शादी हेतु वाशिंग मशीन दान स्वरूप भेट की गई। चांदपुर तहसील अंतर्गत ग्राम बाबरपुर निवासी छत्रपाल सिंह की पुत्री की शादी होनी है जो कि गरीब परिवार से है ग्राम बाबरपुर क्षेत्र की समाज सेवी संस्था श्रीजी सेवा संस्थान संगठन द्वारा छत्रपाल सिंह की पुत्री की शादी हेतु श्रीजी सेवा संस्थान संगठन द्वारा एक वॉशिंग मशीन भेंट की गई है जिस कार्य की सभी ग्राम वासियों ने भूरी भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर श्रीजी सेवा संस्थान संगठन के पदाधिकारी ओमपाल सिंह, मुनेंद्र पाल सिंह, अरविंद कुमार फौजी, धर्म सिंह, कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# बहनोई पर साले ने किया जानलेवा हमला गंभीर रूप से हुआ घायल

**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के छोटे वास गांव में पति-पत्नी के विवाद में साले ने आकर अपने बहनोंई पर किया जानलेवा हमला घायल युवक की पत्नी ने अपने मायके में अपने भाई से फोन कर अपने पति की थी शिकायत। बहन की बात सुनकर गुस्से से आग बबूला होता हुआ घायल व्यक्ति की पत्नी का भाई पहुंचा अपनी बहन की ससुराल अपने बहनोई पर सुबह दिन निकलते ही कर डाला जानलेवा हमला। धारदार हथियार से साले ने अपने बहनोंई पर किया हमला जिससे हुआ बहनोई गंभीर रूप से घायल। पीड़ित घायल युवक ने घटना की 112 नंबर पर दी



जानकारी जब इस संबंध में थाना पुलिस से संपर्क किया गया तो अहमदगढ़ थाना पुलिस घटना से बनी अंजान यह पूरा मामला अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के छोटे वास



गांव का है। उधर अहमदगढ़ थाना प्रभारी ने कहा है कि यदि पीड़ित की तरफ से तहरीर मिली तो दोषी के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

# पुल निर्माण शुरू होते ही रजबहा में छोड़ा पानी बीच में अटका पुल निर्माण

**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर ..** ग्रामीणों को वर्षों से था सड़क चौड़ी होने का इंतजार खानपुर से बसी जाने वाले मार्ग पर ग्राम अमरपुर में लोक निर्माण विभाग की तरफ से पुल चौड़ीकरण का निर्माण चल रहा था निर्माण कार्य को अभी 10 दिन नहीं हुए कि बीच में ही सिंचाई विभाग ने पानी छोड़ दिया जिसकी वजह से निर्माण कार्य अधर में ही लटक गया यह रास्ता बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के पैतृक गांव जाने वाला मुख्य मार्ग माना जाता है एक लम्बे समय से ग्रामीणो को इस रास्ते के चौड़ीकरण का इंतजार था रजबाह में पानी आने से ग्रामीणों का इंतजार और बढ़ गया है राहगिरों में इसको लेकर गुस्सा उत्पन्न है



ग्रामीणों का कहना है कि कुछ समय के लिए लोक निर्माण विभाग ने एक अस्थाई पुल का निर्माण कराया गया था जिससे कि राहगीरों को कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े राजबाहा मे पानी आने से यह इंतजार और बढ़ गया।

> रजबहा में पानी आने के कारण पुल का निर्माण रुक गया है। हमारे द्वारा सिंचाई विभाग से रिक्वेस्ट की गई थी, लेकिन उन्होंने फिर भी पानी छोड़ दिया - **अधिशासी अभियंता प्रताप सिंह लोक निर्माण**

# पीसी बागला डिग्री कॉलेज पहुचीं पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने भूगोल विभाग के डिपार्टमेंट से जुटाए साक्ष्य



**वेलकम इंडिया**

**हाथरस।** पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने शहर के बागला डिग्री कॉलेज पहुंचकर छानबीन की। टीम भूगोल विभाग के डिपार्टमेंट में गईं और वहां जांच कर सबूत जुटाए। बागला डिग्री कॉलेज के फरार प्रोफेसर की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है, लेकिन उसका पता नहीं चल रहा। वहीं डीएम द्वारा गठित जांच समिति ने छात्राओं के यौन शोषण के मामले जांच शुरू कर दी है। सोमवार को समिति ने प्रोफेसर को नोटिस जारी किया है। पीसी बागला डिग्री कॉलेज के भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ. रजनीश के खिलाफ छात्राओं का यौन शोषण करने का मामला थाना हाथरस गेट में दर्ज किया गया है। इस मामले में शहर के एक मोहल्ला निवासी छात्रा ने भी डीएम से शिकायत की थी, जिस पर उन्होंने एक चार सदस्यीय जांच समिति गठित की है। इस समिति में एसडीएम सदर नीरज शर्मा अध्यक्ष, सीओ योगेंद्र कृष्ण नारायण, तहसीदार चंद्र प्रकाश सिंह व बीएसए स्वाति भारती को सदस्य बनाया गया है। डीएम ने सात दिन के अंदर समिति से जांच पूरी कर आख्या मांगी है। समिति ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सोमवार को आरोपी प्रोफेसर को नोटिस जारी किया गया है। उधर, सोमवार को थाना हाथरस गेट पुलिस भी कॉलेज में पहुंची और कॉलेज के प्राचार्य, स्टाफ व शिक्षकों से पूछताछ की। पुलिस ने वीडियो वाले कमरे में जाकर नक्शे बनाए और उसके बाद उसे बंद करा दिया है। पुलिस प्रोफेसर के घर भी पहुंची, लेकिन वह नहीं मिला। सोमवार को कॉलेज भी नहीं पहुंचा। भूगोल विभाग के प्रभारी डॉ. रजनीश की छात्राओं के साथ जो अश्लील वीडियो सामने आई हैं, वह प्रोफेसर ने खुद अपने मोबाइल से ही रिकॉर्ड की थीं। ऐसे लगभग 59 वीडियो मिले हैं। पुलिस की जांच में सामने आया है कि इनमें से कुछ वीडियो उनके द्वारा पोर्न वेबसाइट्स पर भी अपलोड की गई हैं। पुलिस आरोपी प्रोफेसर की तलाश कर रही है। कॉलेज प्रशासन ने प्रोफेसर को निलंबित कर दिया है। यह मुकदमा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अर्पणा यादव की पहल पर हुआ है। अर्पणा यादव ने बताया कि होलिका दहन से एक दिन पहले उनके पास यह शिकायत आई थी। इस पर उन्होंने अधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि प्रोफेसर की जिन लोगों ने मदद की है, उनके खिलाफ भी कार्यवाही होगी।

# बाबा बेफिक्र साहब की दरगाह के सज्जादा नसीब मियां सकलेन रोजा इफ्तार पार्टी से दिया हिंदू मुस्लिम भाईचारे का एकता का प्रतीक



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर।** मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र अनूपशहर में शहर के कस्बा जहांगीराबाद में बाबा बेफिक्र की दरगाह साहब की पर पिछले कई दशकों से सत्र में रमजान को होने वाली रोजा में पार्टी में हिंदू मुस्लिम एकता व भाईचारे के पैगाम के साथ सभी ने कस्बा व क्षेत्र से सम्मिलित हुए जिसमें समाजवादी पार्टी के अनूपशहर विधानसभा क्षेत्र के पर्यवेक्षक शेख रईस, कांग्रेस से जिला महासचिव ज्ञानेंद्र सिंह राघव, एडवोकेट अवधेश शर्मा, व दरगाह के सज्जादा नासिर मियां सकलैन ने रोजा इफ्तार पार्टी में सम्मिलित हुए सभी हिंदू मुस्लिम भाइयों को एकता का पैगाम देते हुए सभी कमजोर मजलूम अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की मदद करने व ईश्वर अल्लाह की इबादत कर राष्ट्र सेवा में जगाने का पैगाम दिया।

# मेरठ पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति को मारकर लाश को ड्रम में रखकर सीमेंट डालकर सील कर दिया

वेलकम इंडिया

**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार** । उत्तर प्रदेश के मेरठ जनपद से एक दिल दहलाने वाला सामने आया है अवैध संबंधों के चलते पत्नी ने पति की हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार घटना को अंजाम देकर पत्नी अपने प्रेमी संग घूमने चली गई। मंगलवार शाम घटना का खुलासा हुआ। युवक का शव पुलिस ने घर में ही ड्रम से बरामद कर लिया है। पुलिस ने महिला और उसके प्रेमी को हिरासत में लिया है।





यह खौफनाक वारदात थाना ब्रहमपुरी क्षेत्र में हुई। सौरभ रस्तौगी अमेरिका में पानी के जहाज पर काम करता था। एक माह पूर्व ही वह घर आया था। मृतक के भाई रेलवे रोड निवासी राहुल ने बताया, वह अपने भाई संपर्क करने का प्रयास कर रहा था, लेकिन उसका मोबाइल बंद जा रहा था। जब वह घर पहुंचा तो कोई नहीं मिला। उसने भाभी मुस्कान को फोन मिलाया तो वह मायके थी। थोड़ी देर में मुस्कान अपने प्रेमी के साथ आयी। जब पूछताछ की तो शक हुआ। सख्ती करने पर उसने सच उगल दिया। बताया कि सौरभ की हत्या के बाद उसे ड्रम में बंद कर दिया गया। राहुल ने शोर मचाया तो क्षेत्र के लोगों ने मुस्कान और उसके प्रेमी को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर थाने भिजवाया। शव को ड्रम से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस हत्यारोपियों से पूछताछ कर रही है। सौरभ रस्तोगी ब्रह्मपुरी के वीरनगर के रहने वाले थे। वे पत्नी के साथ अलग किराए पर इंद्रानगर में रहते थे। सौरभ मर्चेंट नेवी में जॉब कर रहे थे। फिलहाल उनकी पोस्टिंग लंदन में थी। 25 फरवरी को पत्नी मुस्कान का जन्मदिन था। 24 को सौरभ मेरठ आए थे। मुस्कान ने मोहल्ले वालों को बताया था कि वह पति के साथ घूमने के लिए हिमाचल प्रदेश जा रही है। माना जा रहा है कि पति की हत्या किए 10 दिन से ज्यादा हो गए हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। पुलिस मकान में साढ़े पांच बजे पहुंची। ड्रम को तब से ही हथौड़े और ड्रिल से खोलने का प्रयास किया जा रहा है। एक घंटे से ज्यादा का समय हो चुका है लेकिन ड्रम सीमेंट लगाकर इस तरह से सील किया गया है कि उसको खोलने में समय लग रहा है। जिस मकान में वारदात हुई है वह ओमपाल का ओमपाल का है। मकान में सौरभ करीब छह माह से पत्नी के साथ किराए पर रह रहे थे।

## आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ ने मंडल के समस्त जनपदो में हुये विकास कार्यों के संबंध में वर्चुअल माध्यम से की समीक्षा



वेलकम इंडिया

**मेरठ**। आयुक्त मंडल मेरठ हृषिकेश भास्कर यशोद द्वारा मंडल के समस्त जनपदो में हुये विकास कार्यों के संबंध में मंडल के समस्त जनपदो के जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारियो के साथ वर्चुअल माध्यम से समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में आयुक्त द्वारा माह अप्रैल 2012 से मार्च 2017 एवं माह अप्रैल 2017 से मार्च 2024 तक की जनपदवार प्रगति विवरण के साथ-साथ अपने जनपद की 10 प्रमुख उपलब्धियो यथा-निमार्णाधीन अथवा पूर्ण महत्वपूर्ण परियोजना कोई विशिष्ट कीर्तिमान, अभिनव प्रयास व अन्य उल्लेखनीय कार्य संबंधी विवरण अतिशीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर अपर आयुक्त अमित कुमार, संयुक्त विकास आयुक्त बलिराम सहित मंडल के जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

## आल्हा-ऊदल की धरती बुंदेलखंड को फिर से राज्य बनाना है: कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह

वेलकम इंडिया



**झांसी! महोबा**। पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग को लेकर बुंदेलखंड क्रांति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर महोबा की अनुपस्थिति में यह ज्ञापन प्रभारी अधिकारी को दिया गया, जिसमें बुंदेलखंड को पुनः राज्य का दर्जा देने की मांग की गई।

इस अवसर पर कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह ने कहा कि आल्हा-ऊदल की वीरभूमि बुंदेलखंड को उसका ऐतिहासिक गौरव लौटाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि 1948 में बुंदेलखंड एक स्वतंत्र राज्य था, लेकिन 1956 में इसे जबरन विभाजित कर दिया गया, जिससे क्षेत्र की प्रगति बाधित हुई। उन्होंने कहा कि देश में कई नए राज्य बनाए गए, लेकिन बुंदेलखंड की मांग को हमेशा उपेक्षित रखा गया, जो अन्यायपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड की जनसंख्या और क्षेत्रफल इसे एक स्वतंत्र राज्य का दर्जा देने के सभी मानकों को पूरा करते हैं। फिर भी सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है, जिससे यहां के लोग बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ज्ञापन में बुंदेलखंड के ऐतिहासिक, सामाजिक और आर्थिक पहलुओं का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री से अनुरोध किया गया कि जल्द से जल्द इसे अलग राज्य घोषित किया जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय महासचिव नईम मंसूरी, महोबा जिलाध्यक्ष प्रदीप राजपूत, राष्ट्रीय महासचिव अनुपमा सिंह, राजकुमारी जयति सिंह (चरखारी), नगर अध्यक्ष महोबा सत्येन्द्र परिहार, राष्ट्रीय महासचिव अमर सिंह , धर्मेंद्र प्रताप सिंह, राजेंद्र सिंह चौहान, झांसी जिलाध्यक्ष विनोद वर्मा, जितेंद्र पाल, अजय कुमार, महेंद्र वर्मा, मान सिंह राज, संतोष राजपूत, सतीश शुक्ला, रामकुमार, घनश्याम, पूरन सिंह बुंदेला, पुष्पेंद्र यादव, रामप्रसाद धानुक, दुर्गाप्रसाद रायकवार , अखिलेश शर्मा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शहीद जबरदस्त खां की पौत्र वधु का निधन हापुड़ पहुचें क्लकि पीठाधीश्वर



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

हापुड़ शहीद जबरदस्त खां की पौत्र वधु व राष्ट्रीय सैनिक संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ० मरगूब त्यागी की वालिदा इकबाल बेगम पत्नी स्वर्गीय सईदुल्ला का सोमवार की शाम को निधन हो गया सूचना मिलने से क्षेत्र में दुख की लहर दौड़ गई मंगलवार को कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम,इंडियन नर्सरी मेन एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव एडवोकेट मुकुल कुमार त्यागी,नायब शहर काजी मुफ्ती असद कासमी, राष्ट्रीय सैनिक संस्था के प्रदेश प्रवक्ता व हापुड़ के जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी, जिला उपाध्यक्ष मुकेश त्यागी, जिला सूचना प्रसारण मंत्री श्याम वर्मा, पूर्व जिला सचिव विजय वर्मा,रामनिवास बालिका इंटर कॉलेज तगासराय के प्रबंधक हरिराज सिंह, राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के युवा के जिला अध्यक्ष विनीत त्यागी,जब्बार चौधरी,शाकिर नबाब,इकबाल कुरैशी,वसीम एडवोकेट,बलीग हापुडी,जाहिद चौधरी,कारी मसूद,हाफिज वकील आदि सैकड़ों लोगों ने भंडापट्टी पहुंचकर पीड़ित परिवार के लोगों को सांत्वना दी।

## बसपा नेता डॉ अविन शर्मा ने जेएन मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ पंहुचकर मासूम बच्ची के स्वास्थ्य का जाना हाल



वेलकम इंडिया

**सादाबाद**। विधानसभा क्षेत्र के कस्बा बिसाबर में नाबालिग बेटी के साथ हुए घिनौने अपराध के बाद बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ अविन शर्मा ने जेएन मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ जाकर पीड़ित पारिवारिजनो से मिलकर उन्हें हर सम्भव मदद का भरोसा दिया। यह घटना न सिर्फ उस मासूम के साथ, बल्कि पूरे समाज के साथ अन्याय है। अविन शर्मा ने इस नृशंस घटना की कड़ी निंदा की है और प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए। साथ में राजकपूर जिलाध्यक्ष, हेमबाबू धनगर पूर्व लोकसभा प्रत्याशी, अजय सुमन, जयपाल सिंह पूर्व ब्लॉक प्रमुख, दिनेश चौधरी, महिपाल सिंह, गौरव शर्मा, दीपक मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे ।

## धौलाना पुलिस ने अपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे दो लोगों को दो नाजायज चाकू सहित किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

हापुड़/एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के आदेश अनुपालन में हापुड़ पुलिस के द्वारा अपराधिक घटनाओं पर विराम लगाने को लेकर चलाए जा रहे। सघन चेकिंग अभियान के दौरान धौलाना पुलिस ने अपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे। खुशी पुत्र शाहिद निवासी देहरा, बिलाल पुत्र युसूफ मोहल्ला कुशालिया बब्बलगढी ग्राम कल्लू गढ़ी मसूरी गाजियाबाद को इंपैक्ट प्रिंटिंग फैक्ट्री गुलावठी रोड ग्राम ककराना से दो नाजायज चाकू सहित गिरफ्तार कर विधिक वैधानिक कार्रवाई करते हुए माननीय न्यायालय में पेश किया।

## युवाओं में हार्ट अटैक के बढ़ते मामले: समय पर सावधानी बेहद जरूरी डॉ दीपांकर

वेलकम इंडिया



**झांसी** ।पहले हार्ट अटैक को एक अधिक उम्र के लोगों की बीमारी माना जाता था, लेकिन अब युवाओं में इसके मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। बदलती लाइफस्टाइल, तनाव, खराब खानपान और जेनेटिक कारण इसके पीछे प्रमुख वजहें हैं। खासतौर पर शहरों में तेज रफ्तार जीवनशैली और अस्वस्थ आदतों के चलते युवा दिल की बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। भारत में हर चार में से एक हार्ट अटैक का केस 40 साल से कम उम्र के लोगों में देखा जा रहा है, जो बेहद चिंताजनक है। डॉ. दीपांकर वत्स जो यथार्थ हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा के कार्डियोलॉजी विभाग के विशेषज्ञ हैं उनका कहना है, ₹आजकल युवा भी दिल की बीमारियों से सुरक्षित नहीं हैं। तेज लाइफस्टाइल, तनाव और गलत आदतें हार्ट अटैक के खतरे को बढ़ा रही हैं। समय रहते अपनी सेहत को प्राथमिकता देना, नियमित जांच करवाना और लाइफस्टाइल में सुधार करना न सिर्फ.दिल को बचा सकता है, बल्कि जीवन को भी लंबा और स्वस्थ बना सकता है। कम उम्र में हार्ट अटैक का खतरा मुख्य रूप से बैठे-बैठे रहने की आदत, स्मोकिंग, हाई कोलेस्ट्रॉल, हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज के कारण बढ़ता है। मोटापा, स्ट्रेस, काम का दबाव और अनियमित नींद इस खतरे को और बढ़ा देते हैं। कई बार युवाओं को हार्ट अटैक के सामान्य लक्षण नहीं दिखाई देते, जिससे पहचान में देर हो सकती है। सीने में दर्द या भारीपन के अलावा सांस लेने में तकलीफ, थकावट, चक्कर आना या बाएं हाथ, जबड़े या गर्दन में दर्द जैसे संकेत नजर आ सकते हैं, जिन्हें लोग अक्सर हल्की परेशानी समझ कर नजरअंदाज कर देते हैं। इसी वजह से समय पर इलाज नहीं हो पाता और स्थिति गंभीर हो सकती है। बचाव के लिए हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाना बेहद जरूरी है। हर हफ्ते कम से कम 150 मिनट एक्सरसाइज करने, साबुत अनाज, फल, हरी सब्जियां और हेल्दी फैट्स से भरपूर डाइट लेने से दिल की सेहत बेहतर रहती है। स्ट्रेस मैनेज करने के लिए योग, मेडिटेशन और माइंडफुलनेस जैसी तकनीकों का सहारा लेना चाहिए। स्मोकिंग छोड़ना और शराब का सेवन कम करना भी जरूरी है, क्योंकि ये आदतें नसों में ब्लॉकेज और हाई ब्लड प्रेशर जैसी समस्याएं पैदा करती हैं। समय-समय पर हेल्थ चेकअप करवाकर कोलेस्ट्रॉल, ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल की जांच करवानी चाहिए, जिससे कोई समस्या होने पर समय रहते इलाज किया जा सके। हार्ट अटैक के खतरे वाले मरीजों के लिए तुरंत इलाज बहुत जरूरी होता है। कार्डियोलॉजी में नई तकनीकों जैसे एंजियोप्लास्टी, स्टेंट प्लेसमेंट, इंट्रावैस्क्युलर अल्ट्रासाउंड (आईवीयूएस) और ऑप्टिकल कोहेरेंस टोमोग्राफी (ओसीटी) ने हार्ट अटैक से बचने की संभावनाएं बढ़ा दी हैं। इमरजेंसी में फौरन सीपीआर और अस्पताल में तुरंत इलाज जान बचा सकता है। युवाओं में बढ़ते हार्ट अटैक के मामले इस बात का संकेत हैं कि जीवनशैली में बदलाव और जागरूकता की जरूरत है। समय रहते सावधानी, हेल्दी आदतें और डॉक्टरों की सलाह से इस गंभीर बीमारी से बचा जा सकता है और लंबे समय तक दिल की सेहत को सुरक्षित रखा जा सकता है।

## प्रशासन ने टाण्डा में सिंचाई विभाग की भूमि कराई कब्जामुक्त



वेलकम इंडिया,

**टाण्डा जिला रामपुर**। प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए मंगलवार को सिंचाई विभाग की भूमि को कब्जामुक्त कराया। उपजिलाधिकारी कुमार गौरव, क्षेत्राधिकारी कीर्तिनिधि आनंद, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग नवीन कुमार सिंह और अधिशासी अधिकारी पुनीत कुमार की निगरानी में पुलिस बल की मौजूदगी में उक्त कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रोहित सैनी ने गाटा संख्या 223 व 351 पर अवैध अतिक्रमण की शिकायत जिलाधिकारी से की थी, जिसके बाद डीएम के निर्देश पर सिंचाई विभाग ने कार्रवाई शुरू की। नगर के मुख्य मार्ग स्थित गाटा संख्या 351 पर बनी 12 पक्की दुकानें और 4 खोखे जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिए गए। हालांकि, अतिक्रमणकारियों ने इसे गाटा संख्या 352 के तहत अपनी भूमि बताते हुए प्रशासन को दस्तावेज दिखाए, जिससे दुकानदारों और अधिकारियों के बीच मामूली नोकझोंक भी हुई। लेकिन प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह भूमि गाटा संख्या 351 के अंतर्गत सिंचाई विभाग की है, जिसके बाद कार्रवाई निर्विघ्न पूरी हुई। इसके बाद प्रशासन की टीम ने झंडा चौक मार्ग स्थित हिंदुस्तान राइस मिल के पास पहुंचकर गाटा संख्या 223 रकबा 0.133 हेक्टेयर भूमि को भी अतिक्रमणमुक्त कराया, जिसका आंशिक भाग राइस मिल के फड़ में शामिल था। कब्जामुक्त कराई गई जमीनों पर सिंचाई विभाग ने सरकारी भूमि का बोर्ड लगवा दिया, और बुधवार को तारों से बैरिकेडिंग कराई जाएगी। इससे पहले, प्रशासन ने सोमवार को मुनादी कराकर अतिक्रमणकारियों को स्वंय कब्जा हटाने की चेतावनी दी थी ।नियमानुसार नोटिस भी जारी किये गए थे। कार्रवाई के दौरान प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल पूरी सतर्कता के साथ तैनात रहा, जिससे कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। इस दौरान सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता अजीत सिंह, नायब तहसीलदार अमित कुमार, हल्का लेखपाल नवीन कुमार काम्बोज सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# नाथूराम गोडसे का अपमान करने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य की अकाल मृत्यु के लिए किया हवनपूजन

वेलकम इंडिया




**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार** । मेरठ शहर शारदा रोड स्थित अखिल भारत हिंदू महासभा कार्यालय परिसर मे स्थापित अमर हुतात्मा नाथूराम गोडसे नाना आप्टे धाम पर धाम के संस्थापक पंडित अशोक शर्मा के निर्देश अनुसार उत्तर प्रदेश के पूर्व नेता हिंदू राष्ट्र विरोधी सनातन धर्म विरोधी और हमारे आराध्य नाथूराम गोडसे का अपमान करने वाले व्यक्ति स्वामी प्रसाद मौर्य की अकाल मृत्यु के लिए मृत्यु के देवता यमराज भगवान का स्मरण कर हवन पूजा अनुष्ठान का कार्यक्रम आयोजित किया गया हवन पूजा अनुष्ठान आरंभ करते हुए पंडित अशोक शर्मा ने बताया कि अभी 2 दिन पहले एक सभा में स्वामी प्रसाद मौर्य नामक व्यक्ति ने हमारे आराध्य हमारे नेता और गांधी वध के महानायक रहे परम पूज्य अमर हुतात्मा नाथूराम गोडसे जी का नाम लेकर उन्हें औरंगजेब जैसे मुगल शासको से भी क्रूर शासक बताया जोकि सरासर गलत है हमारे गोडसे जी ने कभी कोई ऐसा गलत कार्य नहीं किया जिससे उनका नाम लेकर उन्हें अपमानित किया जाये उन्होंने तो सिर्फ और सिर्फ 42 लाख हिंदुओं के हत्यारे गांधी का वध किया था जो एक हम हिंदुओं पर एक बहुत बड़ा उपकार था जिसका हम जीवन भर भी कभी कर्ज नहीं उतार सकते हैं हवन पूजा अनुष्ठान के माध्यम से मृत्यु के देवता भगवान श्री यमराज भगवान का स्मरण कर भगवान यमराज को काली मिर्च लाल मिर्च में अन्य महत्वपूर्ण सामग्रियों द्वारा आहुति दी गई आहुति के माध्यम से यमराज भगवान के मंत्र का जाप भी किया गया और उनसे निवेदन किया गया कि इस धरती से स्वामी प्रसाद मौर्य जैसी गंदी आत्मा को तुरंत अकाल मृत्यु दें ताकि इस व्यक्ति ने जो हमारे परम पूज्य नेता अमर हुतात्मा नाथूराम गोडसे का जो अपमान किया है उसकी इस व्यक्ति विशेष को घनगौर सजा मिलनी चाहिए कार्यक्रम में शामिल अभिषेक अग्रवाल ने बताया सभी कार्यकताओं ने मिलकर हवन पूजन अनुष्ठान में भाग लिया तत्पश्चात स्वामी प्रसाद मौर्य के पोस्टर लेकर उन्हें पैरों में रखकर उन पर जूते की चप्पल लगातार बारिश की गई और मुख्य द्वार की चौखट पर उसके पोस्टर लगाए गए ताकि समस्त आने जाने वाले भक्तों के चरण उसके मुंह पर पढ़ सकें ताकि उसे व्यक्ति का जितना ज्यादा अपमान हम कर सकते हैं उससे ज्यादा अपमान हम उसका कर सकें तब पश्चात थाना ब्रह्मपुरी के पुलिस अधिकारियों को स्वामी प्रसाद मौर्य के नाम एक संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज हो इसके लिए एक पंजीकृत मुकदमा दर्ज करने के लिए एक पत्र भी थाना ब्रह्मपुरी के अधिकारियों को दिया गया ताकि इस व्यक्ति के खिलाफ हम हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का मुकदमा दर्ज हो सके स्वामी प्रसाद मौर्य का यह जो तंज है भारतीय जनता पार्टी के नाम पर है उसका हम खंडन करते हैं क्योंकि हमारे नाथूराम गोडसे का आरएसएस जनसंघ भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस जैसे किसी राजनीतिक दल से जीवन भर कोई मतलब नहीं रहा तो ऐसी परमात्मा का नाम किसी भी राजनीतिक दल से जोड़ा जाना गलत है।

# दशमेश खालसा ने लंगर सेवा के साथ लगाया नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर**। दशमेश खालसा समिति सेवा ट्रस्ट रजिस्टर्ड मोदीनगर द्वारा निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन छाया इंटरनेशनल स्कूल गोविंदपुरी मोदीनगर पर किया गया। गुरु महाराज जी के चरणों में अरदास करके छाया इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल डॉक्टर अरुण त्यागी और डॉ वैभव त्यागी के द्वारा नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया गया।डॉ वैभव त्यागी ने बताया आज के समय के अनुसार हमे अपनी आँखों का विशेष ध्यान रखना बहुत जरूरी है। आज छोटे छोटे बच्चे भी आँखों की कम रोशनी होने के कारण चश्में का शिकार हो रहे है।आज के इस नेत्र चिकित्सा शिविर में लगभग 100 से अधिक लोगों ने इस निःशुल्क शिविर में आकर अपने आँखों की जाँच कराई और साथ ही डॉ वैभव त्यागी ने सभी





आए लोगों को उनकी आखों की जाँच के अनुसार उन्हें सही जानकारी भी कराई। इस नेत्र चिकित्सा शिविर को एक सराहनीय कार्य बताया और इच्छा जताई कि शहर में ऐसे नेत्र चिकित्सा शिविर लगते रहने चाहिए। इस नेत्र चिकित्सा शिविर के दौरान डॉ वैभव त्यागी ने भी लंगर सेवा को सराहनीय बताया और थोड़ा समय निकाल कर खुद भी लंगर को बाटने की सेवा निभाई। डॉ अरुण त्यागी ने दशमेश खालसा की सेवाओं को बहुत जी सराहनिये बताया और समान चिन्ह देकर सम्मानित किया। सेवा स्थल पर दशमेश खालसा समिति सेवा ट्रस्ट मोदीनगर के सभी सेवादार उपस्थित रहे।

# गिन्नी देवी पीजी कॉलेज में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर**। गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज में दो-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन अर्थशास्त्र विभाग द्वारा किया गया। कार्यशाला का विषय ₹उद्योग में स्वरोजगार के अवसर₹ था और इसका आयोजन अर्थशास्त्र विभाग तथा कैरियर काउंसलिंग सेल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। कार्यशाला की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर पूनम शर्मा ने तथा कार्यशाला की संयोजिका अर्थशास्त्र प्रवक्ता डॉ. सारिका गर्ग रही थीं। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में सेबी की रजिस्टर्ड पोस्ट ग्रेजुएट और सिक्योरिटीज मार्केट ट्रेनर श्रीमती अर्चना शर्मा एवं प्रोफेसर संजय कुमार एसोसिएट प्रोफेसर लाइब्रेरी ऐंड इन्फॉर्मेटिव साइंस के. डी. कॉलेज सिंभावली हापुड़, डॉ विनोद कुमार ने कार्यशाला वक्ता के रूप में भाग लिया ह्ल श्रीमती अर्चना शर्मा ने वित्तीय जागरूकता और निवेश के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे हम अपने पैसे को सुरक्षित रूप से बढ़ा सकते हैं और निवेश के लिए सही योजना बना सकते हैं। उन्होंने विभिन्न वित्तीय विषयों पर चर्चा की, जैसे कि महंगाई दर, निवेश, बचत, और विभिन्न प्रकार की निवेश योजनाओं के बारे में। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे हम अपने पैसे को सही तरीके से उपयोग में ला सकते हैं और निवेश के लिए सही निर्णय ले सकते हैं। अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर डॉ सारिका गर्ग ने आभार प्रकट किया।

# राम नाम लिखी ईंट नाली मे लगाने का विरोध करने पर धमकी देने का लगाया आरोप

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर**। निर्वाण फाउंडेशन के संस्थापक ईश्वर चंद्र ने संजीवनी एस्टेट कॉलोनी सीकरी खुर्द मे नाली निर्माण कार्य में राम नाम की लिखी ईंटों को लगाए जाने के विरोध करने पर धमकी दिए जाने का आरोप लगाया है।

निर्वाण फाउंडेशन के संस्थापक ईश्वर चंद ने बताया कि संजीवनी एस्टेट कॉलोनी सिकरी खुर्द नाली निर्माण मे राम नाम लिखी ईंट लगाई जा रही थीं,निर्वाण फाउंडेशन ने उच्चाधिकारियों को नाली मे राम नाम की ईंट लगाने का विरोध किया था, और उच्चाधिकारियों को बताया गया था की राम हिन्दू सनातनीयों की भावनाओं व आस्था एवं सनातन धर्म की रीड की हड्डी यानि सनातन धर्म के केंद्र बिंदु है और आदि पुरुष पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का नाम राम है, राम नाम लिखी ईंटों को नालियों मे लगाकर श्री राम का घोर अपमान किया जा रहा है। जिसकी हम सभी सनातनी घोर निंदा करते है, उस समय नाली निर्माण का कार्य रोक दिया गया था, लेकिन मंगलवार को ठेकेदार द्वारा स्वास्तिक ( सतिया ) बनी ईंट उक्त कालोनी मे नाली निर्माण मे लगाने के लिये ईंट भेजी जिसका कालोनी निवासियों व भारतीय युवा ग्रामीण व शहरी विकास व्यापार मंडलअध्यक्ष मोदीनगर द्वारा जब मजदूरो से स्वास्तिक बनी ईंटो को नाली मे लगाने से मना किया तो ठेकेदार से बात होने पर ठेकेदार ने उक्त ईंटो को वापस मंगाने को बोलने लगा, उसके कुछ देर बाद कुछ लोगों ने आकर कार्यकर्ताओ के साथ गाली गलोच कर कालोनी से बाहर निकल जाने की धमकी दी। ईश्वर चंद ने गाली गलोच एवं देख लेने की धमकी देने वाले लोगों के खिलाफ जन सुनवाई मुख्यमंत्री पोर्टल के माध्यम से पुलिस विभाग को रिपोर्ट लिख सख्त कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

# *फिल्मी अंदाज में किशोरी को किया ब्लैकमेल, पैसा वसूला, फिर कर दिया वायरल*

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर**। पोर्नोग्राफी साइट्स पर भले ही प्रतिबंध लगा हो लेकिन पैराग्राफ और चाइल्ड पोर्नोग्राफी के केस नहीं रुक रहे। ऐसा ही एक मामला गुलावटी थाना क्षेत्र का है। जहां पुलिस ने 18 साल के एक ग्रामीण युवक को चाइल्ड पोर्नोग्राफी केस में गिरफ्तार किया है। आरोप है कि गांव की ही किशोरी की आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो पहले मोबाइल कैमरे में कैद की और फिर उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल करने के नाम पर जमकर ब्लैकमेल कर धन हड़पा खुलासा तब हुआ जब आरोपी ने पोर्नोग्राफी की वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दी। गुलावटी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुनीता मालिक ने बताया कि इस संबंध में एफआईआर०दर्ज कर ली गई है। पुलिस अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुटी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक पर गांव की ही 16 साल की किशोरी की आपत्ति जनक वीडियो और फोटो मोबाइल में कैद कर उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल करने का आरोप है। बताया जाता है कि पोर्न वीडियो बनाने के बाद युवक ने किशोरी को फिल्मी अंदाज में ब्लैक मेल करना शुरू कर दिया पिछले कई महीनों में किशोरी से मोटी रकम हड़प चुका है। किशोरी भी परिजनों को बिना कुछ बताए घर से चोरी के युवक की डिमांड पूरी कर रही थी, लेकिन मामले का भंडाफोड़ तब हुआ जब किशोरी ने और डिमांड पूरी करने से इंकार कर दिया गुस्साए युवक ने किशोरी को पोर्न वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड कर डाली। मामला थाने पहुंचा तो गांव में पंचायतों का दौर शुरू हो गया पंचायत में युवक को गांव में ही दंडित करने पर चर्चा होने लगी। हालांकि सोमवार को इस मामले में हुई पंचायत भी बेनतीजा रही। पीड़ित परिवार कानूनी कार्रवाई कराने की जिद पर अड़ा रहा।

गुलावटी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुनीता मलिक ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया है।

# पंजाबी संगठन के निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर अजय ग्रोवर को बधाई देने वालों का लगा ताता

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर**। पंजाबी संगठन मोदीनगर के अध्यक्ष पद हेतू त्रिवर्षिय चुनाव में अजय ग्रोवर को निर्विरोध चुने जाने पर समाज के लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित किया। अजय ग्रोवर को पाँचवी बार अध्यक्ष चुना गया ।सजीव संजय गुलाटी के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में पांचवीं बार अजय ग्रोवर को अध्यक्ष चुन जाने पर समाज के लोगों ने अपनी शुभकामना देते हुए उन्हें सम्मानित किया अपने-अपने विचार रखें। इंडियन इंडस्ट्रियल संगठन के पूर्व अध्यक्ष बृजमोहन कपूर, राजा छाबड़ा (छाबड़ा स्वीटस), एचके भुटानी (पवेलियन वाले), संजीव गुलाटी ने श्रीमती करुणा गुलाटी तहसील सह प्रभारी महिला पतंजलि योग समिति संगठन मंत्री व महिला पंजाबी संगठन की स्वास्थ्य सचिव ने अपनी टीम ,राजीव जेटली अध्यक्ष सनातन हरि मंदिर गुरु नानकपुरा ने माला



पहनाकर बधाई दी। इस मौके पर अजय ग्रोवर ने लोगों को संदेश दिया कि एकता में ही शक्ति है, हम सभी को मिल-जुल कर अपने समाज को ऊंचा उठाना चाहिए व लोगों के सुख-दुख में साथ आना चाहिए एवं अपने समाज के लोगों की मदद करनी चाहिए। पंजाबी संगठन जिसकी भी मदद करता है उसका प्रचार नहीं करता है ।समाज सभी लोगों को आपसी मतभेद भुलाकर अपने समाज की मदद करनी चाहिए सभी को एकजुट रहना चाहिए तभी हमारा संगठन मजबूत होगा और हम अपने समाज को ऊंचा उठा सकते हैं और लोगों को आश्वस्त किया कि पंजाबी संगठन अपने समाज के लिए इसी तरह कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम में राजू छाबड़ा, संजीव गुलाटी राजीव जेटली, एच०के०भुटानी, बृजमोहन कपूर, नारायण खट्टर, गुड्डू सिधवानी, राजेंद्र सिधवानी, राजेंद्र नारंग, हरीश गुलाटी, सागर ढींगरा, मुकेश कपूर, रिंकू गांधी, सतीश अरोड़ा, गुलजारी लाल, स० क्लबिंबर नारंग, डिंपल अरोड़ा, राजीव नैयर, संजय नैयर, राहुल बारी, चैतन्य गुलाटी, देव गुलाटी, स० जशपाल श्रीमती सोनिया छाबड़ा, श्रीमती नीना मेहरा, आशु सहगल, नैनी, वर्मा सफलता शर्मा विजय शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# एलएमसी की भूमि को कब्जा मुक्त कराया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर**। ग्राम सारा तहसील मोदीनगर के खसरा संख्या 464मि0 रकबा 0.1140 है0 भूमि पर चारदीवारी कर अवैध कब्जा किया जा रहा था। उपजिलाधिकारी मोदीनगर डॉ पूजा गुप्ता के निर्देशन में राजस्व टीम जिसमें सचिन पंवार नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक आलोक गुप्ता, क्षेत्रीय लेखपाल गौरव भारद्वाज, अन्य लेखपाल सरित कुमार, संजय कुमार के द्वारा ग्राम सारा तहसील मोदीनगर के खसरा संख्या 464मि0 रकबा 0.1140 है0 भूमि की पैमाईश उपरान्त चारदीवारी के भीतर 960मि भूमि अधिक पायी गयी। चारदीवारी में दीवार तोड़कर एल0एम0सी0 की भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया ।

# अग्निशमन विभाग ने शिक्षकों को अग्निदुर्घटना बचाव के लिए प्रशिक्षण दिया

वेलकम इंडिया

**रायबरेली**। मुख्यालय व जिलाधिकारी/पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान रायबरेली में आयोजित जनपद के समस्त 48 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के अध्यापक/अध्यापिकाओं को अग्निदुर्घटना/लू से वचाव के लिए जानकारी व प्रशिक्षण अग्निशमन विभाग द्वारा दिया गया व साथ आग बुझाने के तरीको से अवगत कराते हुए घरेलू साधनों से भी आग बुझाने का अभ्यास भी कराया गया एवं आकस्मिकता की स्थिति में अपना वचाव करते हुए सुरक्षित तरीके से निकलने का भी अभ्यास कराया गया. साथ ही उनसे अपेक्षा की गयी की वह सभी लोग वापस जाकर



अपने विद्यालय के सभी अध्यापक व छात्र /छात्राओं को भी जानकारी व प्रशिक्षण से अवगत कराते हुए की गई कार्यवाही की सूचना अग्निशमन विभाग को उपलब्ध कराएंगे.उक्त प्रशिक्षण/जागरूकता कार्यक्रम में सभी राजकीय माध्यमिक विद्यालय के अध्यापक व जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य व प्रवक्ता के साथ बी टी सी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया।

# जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद बेल्हा के अन्तर्गत नालो एवं नालियां का किया निरीक्षण

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया

**प्रतापगढ़**। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने नगर पालिका परिषद बेल्हा के अन्तर्गत गायघाट रोड पर निमार्णाधीन नाले का निरीक्षण कर गुणवत्ता को परखा और नाले के ऊपर लोगों द्वारा अतिक्रमण किये जाने पर जिलाधिकारी ने जेई को कड़ी फटकार लगायी और वहां पर रह रहे लोगो को निर्देशित किया कि नाले के ऊपर अतिक्रमण न किया जाये, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी जायेगी। उन्होने गायघाट रोड पर पैदल भ्रमण कर जलभराव एवं जल निकासी का अवलोकन किया और निर्देशित किया कि जो भी कमियां है उसे दुरूस्त कराया जाये। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद बेल्हा क्षेत्रान्तर्गत रूपापुर, देवकली, स्टेशन रोड, लोकमान्य तिलक इण्टर कालेज के पास नाले/नालियों का निरीक्षण



किया और स्थानीय लोगो से जानकारी ली कि वर्षा के दौरान पानी भरता है या नही तो लोगों द्वारा बताया गया कि वर्षा के दौरान पानी भर जाता हे जिससे काफी समस्या का सामना करना पड़ता है जिस पर जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद बेल्हा के सम्बन्धित को निर्देशित किया कि जल निकासी की व्यवस्था करायी जाये, नालों/नालियों में जो भी गन्दगी एवं पानी भरा हुआ पम्पसेट लगाकर जल निकासी करायी जाये, टूटी-फूटी नालियों की मरम्मत करायी जाये और जो भी नालिया पटी हुई है उसकी खुदाई करायी जाये जिससे वर्षा के दौरान आसानी से जल निकासी हो सके। उन्होने कहा कि जहां पर जल निकासी की आवश्यकता हो वहां पर नालियों का निर्माण कराया जाये। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित को निर्देशित किया कि नालों/नालियों का निर्माण कार्य कराया जाये तो जल निकासी की व्यवस्था जरूर हो जिससे जल जमाव की स्थिति न उत्पन्न हो।

# रमजान- नन्हे रोजेदार भी दे रहे जज्बा और सब्र का इम्तिहान

वेलकम इंडिया

**लखीमपुर ( खीरी )**। माह- ए-रमजान में रोजा रखने व इबादत का दौर चल रहा है। भूखे-प्यासे रहकर अल्लाह की इबादत में नन्हे रोजेदार भी मशगूल हैं कुछ बच्चों ने इस साल पहला रोजा रखा तो कई पिछले दो या तीन साल से रोजा रख रहे हैं। दिन भर भूखे-प्यासे रहकर पांचों वक्त रब का सजदा कर दुआ मांग रहे हैं। बच्चों का जज्बा और सब्र देखकर बड़े भी उनके कायल हैं इस्लाम के 12 महीनों में माह- ए-रमजान सबसे खास माना जाता है। इसमें हर बालिग के ऊपर रोजा रखना फर्ज



है, लेकिन यहां नौनिहाल भी रोजा रखकर इबादत करने में पीछे नहीं हैं। नन्हे रोजेदारों का कहना है, कि घर में बड़ों को देख रोजा रखने की हसरत जगी। अल्लाह की इबादत के लिए वह रोजा रख रहे हैं। अल्लाह उन्हें हिम्मत और सब्र दे



रहा है। भूख-प्यास बिल्कुल नहीं सता रही है। सात साल से लेकर 10 साल तक के बच्चे रोजा रखकर यह संदेश दे रहे हैं, कि खुदा से प्रेम और इबादत में उम्र का बंधन आड़े नहीं आता है।

पहली बार रोजा रखने वाले



मो.अब्बास महज 10 साल के हैं। अब्बास बताने हैं, रमजान शरीफ के चौदवा रमजान को अपने जीवन का पहला तोजे रखा। अब्बास ने बताया कि आज उसने अपनी जिंदगी का पहला रोजा रखा नमाजे अदा की और अपने रब से अपने परिवार वालो की लम्बी उम्र की दुआये माँगी। और रोजे में अम्मी और पापा के साथ सहरी और इफ्तार करता हूं। इस दौरान कुरान की तिलावत और इबादत में ज्यादा वक्त गुजारता हूं। अर्श महज दस साल की उम्र में रोजेदार बन गए हैं। इन्होंने अपनी अम्मा से जिद कर पहला रोजा रखा है। हैदर घर के बड़ों के साथ रोजा रखकर नमाज की पाबंदी भी करते हैं। तरावीह की नमाज भी नहीं छोड़ते। अर्श का कहना है, कि तरावीह में कुरान सुनने का मौका मिलता है। रोजा रखने वाली इकरा बड़ों को देखकर इबादत के तरीके व सलीका सीख गई हैं। अम्मी के साथ वह पहले वजू करती हैं, फिर नमाज अदा करती हैं। बच्चों की इबादत अल्लाह को बहुत पसंद वह कहते हैं, कि बच्चों की इबादत अल्लाह को बहुत पसंद है। अगर इबादत में हमसे कुछ गलतियां भी होंगी तो मासूमियत देखकर खुदा माफ कर देगा। रमजान में नमाज के वक्त वह मस्जिद भी जाते हैं इनया की उम्र 11 साल है। इनया का कहना है, कि अल्लाह की इबादत करते घर के बड़ों को देख उनका भी मन नहीं माना तो रोजा रखा। इनया कहती हैं, कि नेक रास्ते पर चलकर ही हम रब को राजी कर सकते हैं अब्बू-अम्मी के साथ करते सहरी और इफ्तार।

# कंबोडिया के सिविल सेवकों का जिला प्रशासन के अधिकारियों ने किया भव्य स्वागत







वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** एनसीजीजी, भारत सरकार 10-21 मार्च, 2025 तक एनसीजीजी, मसूरी और नई दिल्ली में 10वां ₹कंबोडिया के सिविल सेवकों के लिए सार्वजनिक नीति और शासन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम₹ आयोजित कर रही है। इस संदर्भ में विभिन्न विभागों और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने एनसीजीजी टीम के साथ कंबोडिया के 40 सिविल सेवकों का जिला गाजियाबाद का दौरा एवं दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन, गाजियाबाद में प्रशि ?क्षिण बैठक आहूत हुई।

विकास भवन में पहुंचने पर गार्ड ऑफ ऑनर देकर सिविल सेवकों को सम्मान दिय गया। जिलाधिकारी महोदय श्री दीपक मीणा के निर्देशन पर मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कंबोडिया के सभी 40 सिविल सेवकों का भव्य स्वागत किया गया। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल द्वारा राजस्व, विकास कार्यों सहित अन्य, एडीएम सिटी श्री गम्भीर सिंह द्वारा प्रशासनिक, एसडीएम श्री निखिल चक्रवर्ती द्वारा तहसील स्तरीय व एसीपी सुश्री लिपि नगायच द्वारा पुलिस विभाग से सम्बंधित कार्यों सहित अन्य विभागों और अधिकारियों की भूमिका व जिम्मेदारियों के बारे में विस्तृत से जानकारी दी गयी। इस दौरान कंबोडिया ग्रुप के सदस्यों ने सरकार/प्रशासन द्वारा वृद्धों, बेसहारा, असहाय लोगों की मदद, युवाओं को रोजगार में सहायता, गरीबों का उत्थान, महिला एवं बच्चों की सुरक्षा सहित अन्य बिन्दुओं पर प्रशन पूछे, जिसका सम्बंधित अधिकारियों द्वारा विस्तार से उत्तर दिया गया। इस बैठक में नेहरू वर्ल्ड स्कूल के 6–12वीं तक के छात्र–छात्रायें भी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने कंबोडिया ग्रुप व प्रशासनिक अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। नेहरू वर्ल्ड स्कूल की तरफ से विद्यार्थियों ने भगवत गीता पुस्तक कंबोडिया ग्रुप के प्रत्येक सदस्य को भेंट की।

कम्बोडिया ग्रुप का नेतृत्व करते हुए लाय सोफोरन ने सभी अधिकारियों को प्रतीक चिन्ह भेंट किया। उक्त कम्बोडिया टीम डॉ.संजीव शर्मा नेशनल सेन्टर फोर गुड गर्वनेंस के साथ आई थी। बैठक में समाज कल्याण अधिकारी श्री वेद प्रकाश, समाज कल्याण अधिकारी (विकास) श्री दिग्विजय सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।









## इफ्तियारी के बाद पड़ोसी में हुआ पथराव, 18 गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** थाना क्षेत्र के लोकप्रिय विहार स्थित नूरानी मस्जिद के पास 16 मार्च की देर रात करीब 10 बजे आमने-सामने रहने वाले इमरान और नूर मोहम्मद के बीच झगड़ा हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में जमकर पथराव और लाठी-डंडे चले। इस दौरान गली में खड़ी एक कार क्षतिग्रस्त हुई। वहीं दोनों पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। इमरान पक्ष की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से विवाद करने वाले सात लोगों को गिरफ्तार किया। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि रविवार को गली नंबर पांच निवासी इमरान, समीर और साहिल से उन्हीं की गली में रहने वाले वसीम, नदीम, राशिद, फैसल ने मारपीट की थी। गंभीर रूप से चोटिल होने के बाद इमरान ने थाने में शिकायत दी तब पुलिस ने उन्हें मेडिकल परीक्षण के लिए एमएमजी अस्पताल भेज दिया। बताया कि चोटिलों का उपचार चल ही रहा था कि उसी दौरान इमरान के अन्य परिजन दूसरे पक्ष के घर पहुंचे और कहासुनी व झगड़ा करने लगे। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दूसरे पक्ष ने पत्थर की टाइल्स और लाठी-डंडों से हमला कर मारपीट शुरू कर दी। दोनों पक्षों में जमकर पथराव हुआ। हालात इतने बिगड़ गए कि अपनी दिहाड़ी करके लौट रहे श्रमिकों व स्थानीय लोगों को खुद को बचाना भारी पड़ गया। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने उपद्रव कर रहे दूसरे पक्ष के राशिद, नूर मोहम्मद, नदीम और निजाम को गिरफ्तार किया। साथ ही अतिरिक्त पुलिस बल बुलाकर हालात पर काबू पाया। वहीं पथराव में घायल हुए सलीमुद्दीन को उपचार के लिए अस्पताल भेजा।

## संभव जनसुनवाई का आयोजन, नगर आयुक्त ने दिए कार्यवाही के निर्देश

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर निगम मुख्यालय में मंगलवार को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में एक भव्य जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना और नगर निगम के विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावशाली बनाना था। नगर आयुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों के साथ मिलकर संभव के तहत प्राप्त शिकायतों और सुझावों पर विस्तार से चर्चा की और संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के सख्त निर्देश दिए। नगर निगम की इस सक्रियता से नागरिकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। इस जनसुनवाई के माध्यम से नगर निगम ने एक बार फिर साबित किया है कि वह नागरिकों की



समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा कि नगर निगम के प्रति नागरिकों का विश्वास बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि जनसुनवाई में प्राप्त मामलों को हल्के में न लिया जाए और त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा, नागरिकों की समस्याओं का समाधान ही नगर निगम का मुख्य दायित्व है। सभी अधिकारी समयबद्ध तरीके से अपने कार्यों का निष्पादन करें, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, जलकल विभाग से कामाख्या प्रसाद आनंद, उद्यान विभाग से डॉ. अनुज कुमार सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव सिन्हा, संयुक्त नगर आयुक्त ओमप्रकाश और निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता नरेंद्र कुमार चौधरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों से कुल 21 संदर्भ प्राप्त हुए। नगर आयुक्त ने इन सभी संदर्भों की गंभीरता से समीक्षा की और संबंधित विभागों को तत्काल समाधान के लिए निर्देशित किया। प्राप्त संदर्भों का विभागवार विवरण इस प्रकार है। नगर आयुक्त ने विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग और टैक्स विभाग से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन मामलों का समाधान शीघ्र किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और कर वसूली से संबंधित मामलों का त्वरित समाधान जरूरी है, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। नगर आयुक्त ने जनसुनवाई के दौरान प्राप्त सभी संदर्भों पर तुरंत कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए विशेष टीमों का गठन किया।

## पुराने में विवाद में होली पर खेली खून की होली, युवक को चाकू घोंपा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** होली के दिन पुराने विवाद में कुछ युवाओं ने अपने पड़ोसी युवक से बदला ले लिया। साहिबाबाद थाना क्षेत्र में वृन्दावन गार्डन में कुछ युवकों ने एक युवक पर धारदार हथियारों से हमला बोल दिया। युवक को चाकू से ताबड़तोड़ वार कर जख्मी कर दिया।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना साहिबाबाद में दर्ज कराई रिपोर्ट में सतीश चंद्र शर्मा निवासी मकान नंबर 911/एस वृंदावन गार्डन साहिबाबाद ने कहा कि को रंग वाली होली के दिन मेरा बेटा राहुल शर्मा करीब 11.30 बजे पडोस के कपिल पुत्र महेश निवासी फ्लैट नंबर 244/ए वृंदावन गार्डन के घर होली मिलने के उद्देश्य से गया था। उसी दौरान कुछ नई उम्र के लड़के जो होली के रंग में रंगे हुए थे। महेश के पुत्र कपिल को पूछते हुए आए और मेरे बेटे राहुल शर्मा पर हमला कर दिया, उनमें से किसी एक व्यक्ति द्वारा मेरे बेटे को चाकू भी मारा गया तथा किसी ठोस वस्तु से उसके सिर पर भी प्रहार किया गया, जिससे उसको काफी चोट आई, जब मुझे शोर-शराबे की आवाज आई तो मैंने घर से बाहर निकलकर देखा, तो कई लड़के मेरे बेटे राहुल शर्मा पर हमला कर रहे थे, मैंने अपने बेटे को बचाने का प्रयास किया तो उन लोगों द्वारा गाली गलौच करते हुए मुझ पर भी हमला कर चोट पहुंचाई गई और जान से मारने की धमकी दी गई, जिससे मेरे सिर में काफी चोट आई, मैंने थाने पहुंचकर सरकारी अस्पताल में अपना व अपने बेटे राहुल शर्मा का मेडिकल परीक्षण/उपचार कराया गया। उसके बाद मैंने हमला करने वाले लोगों के संबंध में जानकारी की तो हमलावरों में कुछ लोगों की मुझे जानकारी हो गई है, जिनमें से विवेक पुत्र शैलेंद्र सिंह, साहिल पुत्र इसरार, विक्की पुत्र मुन्ना छाबड़ा, सचिन पुत्र दीपक, अंतरिक्ष पुत्र कैलाश, माया पुत्र नामालूम के नामो की जानकारी हो पाई है।

## राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की राष्ट्रीय क्षमता निर्माण प्रतियोगिता का समापन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गोविंदपुरम स्थित 8वीं वाहिनी, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) में सोमवार से मंगलवार तक आयोजित दो दिवसीय राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की राष्ट्रीय क्षमता निर्माण प्रतियोगिता का मंगलवार को सफल समापन हुआ। प्रतियोगिता में सात राज्यों की एसडीआरएफ टीमों ने भाग लिया, जिसमें कुल 142 प्रतिभागियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से टीम को अव्वल लाने के लिए कड़ी मेहनत की। प्रतियोगिता में हिमाचल



प्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। उत्तराखंड की टीम द्वितीय स्थान पर रही, जबकि दिल्ली की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता टीमों को सम्मानित करने के लिए एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समापन समारोह में डीआईजी गंभीर सिंह चौहान ने विजेता खिलाडि ?ों को मेडल पहनाए और प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर आने वाली टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस दौरान जो टीमें प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त नहीं कर सकीं, उन्हें अगली प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी गईं। समारोह के बाद सभी प्रतिभागियों और अधिकारियों के लिए सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। इस भोज में डीआईजी गंभीर सिंह चौहान, 8वीं बटालियन के कमांडेंट प्रवीण कुमार तिवारी और बटालियन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी टीमों के प्रतिभागियों के साथ भोज का आनंद लिया।

## इंदिरापुरम में तीन और लिंक रोड़ में एक चोरी की वारदात को दिया अंजाम

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम और लिंक रोड़ थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। चोरी की वारदातों में एकाएक इजाफा हुआ है। इंदिरापुरम में चोरी की 3 घटनाएं हुईं तो थाना लिंक रोड में एक घटना हुई। ताबड़तोड़ घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल बन गया है। थाना इंदिरापुरम में दो तहरीर में ऐश्वर्या मिश्रा पत्नी स्व अजीत कुमार मिश्रा निवासी 333, सेक्टर-1, वसुंधरा ने कहा कि उसकी वैगन आर है। मैंने अपनी गाडी आपसी सहमति से एग्रीमेंट लेटर बनवाकर के अरुण कुमार को चलाने के लिए दी थी, उसने लगभग महीने तक गाड़ी चलाई उसके बाद गाड़ी के इश्योरेंस की डेट आई तो मैंने उसे फोन किया की गाडी लेकर आ जाओ इंश्योरेंस करनी है।

## एनएसएस यूनिट ने हाथों में झाड़ू लेकर लोगों को पढाया स्वच्छता का पाठ

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मोहन नगर स्थित आईटीएस (स्नातक परिसर) स्थित एनएसएस यूनिट द्वारा 18 मार्च मंगलवार से 24 मार्च तक सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं इसके सफल क्रियान्वयन के लिए आईटीएस- द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने कहा कि संस्था द्वारा समाज के प्रति अपनी भूमिका एवं उत्तरदायित्वों के निर्वहन में एनएसएस की यह इकाई बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होने संस्था के प्रत्येक




सदस्य को शुभकामनाएं देते हुए अपने स्तर पर हर संभव सहायता का विश्वास दिलाया। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ करते हुए आईटीएस के प्राचार्य (स्नातक परिसर) डॉ सुनील कुमार पाण्डेय ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों को न केवल एक टीम में काम करने की भावना का विकास करने में सहायक होते है एवं छात्रों को सामाजिक मूल्यों एवं उनके प्रति संवेदनशील बनाते है।